वर्ष : 27 | अंक : 141 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, सोमवार, 12 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8




# 19 दिनों में पहली शांतिपूर्ण रात

## सीजफायर के बाद 11 मई की रात नहीं हुई गोलीबारी व फायरिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम का असर एक दिन बाद 11 मई को देखने को मिला है। बता दें कि, सीमा पर पिछले 19 दिनों से तनाव






अपने चरम पर था, जो 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले और सात मई को भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद से जारी था। इसे लेकर भारतीय सेना ने बयान भी जारी किया है, सेना ने कहा कि शनिवार शाम को भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बनने के बाद, रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात जम्मू-कश्मीर और नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य इलाकों में काफी हद तक शांति रही। इस दौरान गोलाबारी और फायरिंग की कोई घटना नहीं हुई, जो 19 दिनों में पहली शांतिपूर्ण रात रही।

भारत-पाकिस्तान सीमा पर 11 मई की रात एक महत्वपूर्ण बदलाव लेकर आई, जिसने पहलगाम हमले के बाद संघर्ष विराम उल्लंघन में पहली बार पूरी तरह से शांति स्थापित की। 23 अप्रैल से 6 मई तक नियंत्रण रेखा से लगे कई सेक्टरों में छोटे हथियारों से गोलीबारी की घटनाएं सामने आईं, जो 7 से 11 मई के बीच भारी गोलाबारी और हवाई (शेष पृष्ठ-3 पर)

### सीमावर्ती जिलों के साथ-साथ अन्य जगहों पर शांति

न केवल सीमावर्ती क्षेत्रों में बल्कि चंडीगढ़ समेत अन्य शहरों में भी सामान्य स्थिति लौट आई है, जहां रविवार को आधिकारिक तौर पर सभी प्रतिबंध हटा लिए गए थे। चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर ने कहा, 'परिणामस्वरूप, दैनिक जीवन फिर से शुरू हो गया है और स्थिति अब स्थिर है।' दुकानों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सामान्य समय के अनुसार खुले रहने की अनुमति है। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि नागरिकों से अनुरोध है कि वे किसी भी तरह की गलत जानकारी या गलत सूचना न फैलाएँ।

## ''आतंकियों को घर में घुसकर मिट्टी में मिलाया''

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भाजपा का पहला बयान, भारतीय सेना को सराहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पहली बार भाजपा की ओर से अधिकारिक बयान दिया गया है।



प्रेसवार्ता में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने भारतीय सशस्त्र बलों को जमकर सराहा। उन्होंने कहा कि सेना अदम्य साहस दिखाया। सेना ने आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया। सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया। सांसद संबित पात्रा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर कहा, 'आज भाजपा, उसके कार्यकर्ता और देश के नागरिक सुरक्षाबलों का धन्यवाद करते हैं जिनकी वजह से ऑपरेशन सिंदूर सफल हो पाया है।'


भाजपा सांसद और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हमें अपने सुरक्षाबलों पर गर्व है। भारत ने पाकिस्तान के आतंक के अड्डों का खात्मा कर दिया। भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अदम्य साहस का परिचय दिया। संबित पात्रा ने पीएम मोदी ने कहा था कि हम आतंक को मिट्टा मिला देंगे और घर में घुसकर मारेंगे। 6-7 मई की मध्य रात्रि भारत ने ऐसा ही किया। पाकिस्तान को पहले से पता था कि पूर्व की तरह इस बार भी स्ट्राइक होगी, लेकिन सबकुछ जानते हुए भी एक्शन की तारीख का पता नहीं लगा सका।

संबित पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य के साथ ही असैन्य पहलू भी है, (शेष पृष्ठ-3 पर)

## भारत-पाकिस्तान के DGMO में बातचीत शुरू

आज दोनों देशों भारत-पाकिस्तान के बीच DGMO स्तर पर बातचीत होगी। DGMO यानी डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस-सेना में इस पद की जिम्मेदारी होती है सभी सैन्य अभियानों की योजना और क्रियान्वयन की। युद्ध, आतंकवाद-विरोधी मिशनों और शांति अभियानों की रणनीति DGMO तय करते हैं। खबर लिखे जाने तक भारत-पाकिस्तान के DGMO में बातचीत शुरू हो गयी थी।






वर्तमान में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई भारत के DGMO हैं। वह IMA देहरादून के पूर्व छात्र हैं और 1989 में कुमाऊं रेजिमेंट से सेना में शामिल हुए। 25 अक्टूबर 2024 को उन्होंने DGMO का पद संभाला था।

पाकिस्तान के DGMO मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्लाह हैं। मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला चौधरी को पाकिस्तान सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (DGMO) के रूप में नवंबर 2023 में नियुक्त किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 24 नवंबर 2023) में काशिफ चौधरी को DGMO का पद मिला।

## अवैध निर्माण व प्राधिकरण की टीम से अभद्रता करने पर मुकदमा

**नोएडा (चेतना मंच)।** हरौला में बारात घर के निकट खसरा नंबर 892 पर अवैध निर्माण करने पर नोएडा प्राधिकरण ने फेस-1 थाने में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। नोएडा प्राधिकरण में वर्क सर्किल-1 के अवर अभियंता निर्दोष कुमार तथा लेखपाल मनोज कुमार ने गांव के निवासी हंसराज पुत्र टेकराम पर मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राधिकरण के वर्क सर्किल-1 के वरिष्ठ प्रबंधक डोरी लाल वर्मा का कहना है कि प्राधिकरण की अधिसूचित तथा कब्जा प्राप्त जमीन पर आरोपी अवैध निर्माण कर रहे हैं तथा वहां पर शराब का ठेका भी खुलवा दिया है। प्राधिकरण की टीम ने उन्हें काम करने से रोका तो उन्होंने प्राधिकरण की टीम के साथ अभद्रता की (शेष पृष्ठ-3 पर)



नवीन औखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

कार्यालय वरिष्ठ प्रबन्धक, वर्क सर्किल-1, सैक्टर-06, नौएडा

"The Prevention of damage to public property act 1984"

## सेक्टर-37 में मनाई गौतमबुद्ध की जयंती

**नोएडा (चेतना मंच)।** आज गौतमबुद्ध की जयंती पर दलित उत्थान सेवा समिति ने गौतमबुद्ध की वंदना की तथा बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया।

इस मौके पर सेक्टर-37 स्थित अंबेडकर विहार के पंचशील बौद्ध विहार में समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भगवान बुद्ध के श्री चरणों में पुष्प अर्पित किए गए भगवान बुद्ध की वंदना की गई और ठंडे शरबत का वितरण किया गया।

इस मौके पर समिति के संरक्षक गणेश जाटव अध्यक्ष प्रीतम सिंह महामंत्री सतपाल जाटव राजेंद्र सिंह उदय सिंह कमल सिंह जाटव राजकुमार 'मोनू' अजय गौतम अनिल कुमार वीरेंद्र कुमार अभिषेक कुमार विवेक कुमार देवराज सिंह के के भास्कर आदि बौद्ध धर्म के अनुयाई उपस्थित रहे।



## पत्नी व दो बेटियों का गला घोंट कर पिता ने लगाई फांसी

### गांव में पसरा मातम, रविवार को ससुराल से लाया था परिवार को

**उन्नाव (एजेंसी)।** आर्थिक तंगी झेल रहे एक व्यक्ति ने खौफनाक कदम उठाया है। पत्नी व दो बेटियों की गला घोंटकर हत्या के बाद व्यक्ति ने फंदा लगाकर जान दे दी। कमरे की खिड़की खुली होने पर गांव के एक युवक की नजर लटके शव पर पड़ी। दरवाजा अंदर से बंद होने पर पुलिस को सूचना दी गई।



पुलिस पहुंची तो अमित का शव फंदे पर लटका मिला, जबकि पत्नी व दो बेटियों के शव चारपाई पर पड़े मिले। फोरेंसिक टीम की मदद से पुलिस जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। एसपी दीपक भूकर व एएसपी अखिलेश सिंह ने भी मौके पर पहुंच कर जांच की।

अचलगंज क्षेत्र के साहबखेड़ा गांव निवासी (35 वर्षीय) अमित अपनी (30 वर्षीय) पत्नी गीता, (10 वर्षीय) बेटी खुशी व (6 वर्षीय) बेटी निधि के साथ घर में रहता था।

अचलगंज के लोहचा स्थित ट्रैक्टर एजेंसी में काम करता था। कुछ दिन से पत्नी दोनों बेटियों के साथ मायके रायबरेली के डलमऊ क्षेत्र के पूरे प्रसन्ना गांव में थी। रविवार को अमित ससुराल गया था और वहां से पत्नी बच्चों को लेकर आया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट



कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिससे खेल के लंबे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर खत्म हो गया। वह अब केवल वनडे में खेलेंगे. उनके संन्यास के साथ ही टेस्ट प्रारूप से भारतीय दिग्गज खिलाड़ियों का बाहर होना जारी है। रविचंद्रन अश्विन (दिसंबर में) और रोहित शर्मा (पिछले सप्ताह) भी इस प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## भंगेल एलिवेटिड व प्राधिकरण के नये भवन का काम दो माह में !



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रगतिरत भंगेल एलीवेटिड तथा नोएडा प्राधिकरण के नये प्रशासनिक भवन अगले दो माह में चालू हो जाएंगे। दोनों ही परियोजनाओं का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराया जाने की योजना चल रही है।

एक बार चालू होने के बाद छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर अगाहपुर को सेक्टर 82/110 में नोएडा स्पेशनल इकोनॉमिक जोन (एनएसईजेड) को जोड़ेगा।

इस एलिवेटेड से वाहन चालकों को छलेरा, बरौला और भंगेल जैसे व्यवस्थ बाजारों से होकर नहीं जाना होगा। इससे नोएडा ग्रेटरनोएडा को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। परियोजना का निर्माण कर रहे उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने बताया कि बरौला क्रॉसिंग के पास 60 मीटर लंबे स्टील गर्डर बिछाने का काम एक एक सप्ताह में पूरा होगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### सीएम करेंगे प्राधिकरण के नये भवन का उद्घाटन



सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण का नया मुख्यालय भी लगभग पूरा होने वाला है। उम्मीद है कि यह दो महीने के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा। 2009 में परिकल्पित इस परियोजना का निर्माण 2015 में शुरू हुआ। इसकी अनुमानित लागत 478 करोड़ रुपये है। अत्याधुनिक सुविधा सुविधाओं से लैस ये परियोजना करीब 6 एकड़ में फैली हुई है। इसमें दो बहुमंजिला टावर हैं। इसमें प्राधिकरण के सभी विभाग एक ही छत के नीचे होंगे। इसके ग्राउंड फ्लोर पर सीईओ का ऑफिस होगा। बाकी कार्यालय छठवें फ्लोर पर होंगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)


RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## कार का बाजार

भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग जिस तेजी से तरक्की कर रहा है वह उल्लेखनीय है। हर साल वह बढ़ोतरी की नई इबारत लिख रहा है। 1982 में भारत में जब मारुति कार अस्तित्व में आई तो जनता ने उसमें बहुत दिलचस्पी दिखाई और वह जन-जन की कार बन गई। नब्बे के दशक में नरसिंह राव के आर्थिक उदारीकरण ने जैसे कि उसमें पंख लगा दिए। उसके बाद कई और विदेशी कंपनियां कार निर्माण के क्षेत्र में आ गईं तो टू व्हीलर के क्षेत्र में भारतीय कंपनी हीरो ने जापानी कंपनी होंडा के साथ मिलकर इस क्षेत्र में भारत को शिखर पर लाकर खड़ा कर दिया। एक के बाद एक विदेशी कंपनियों ने देश में कदम रखा और वाहन निर्माण का काम बढ़ता चला गया। देश के जीडीपी के विकास में हमारे ओटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान रहा। कोरियाई, जापानी ऑटोमोबाइल कंपनियों को भारत निवेश के लिहाज से माकूल लगा और उन्होंने करोड़ों डॉलर का निवेश किया। लेकिन सिर्फ विदेशी ही नहीं भारत की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी टाटा मोटर्स तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा भी तेजी से आगे बढने् लगी। इसका नतीजा हुआ कि 2024 तक भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऑटोमोबाइल उत्पादक देश बन गया। 22 लाख करोड़ की इस इंडस्ट्री ने 4.5 करोड़ लोगों को रोजगार दे रखा है। यहां बने दोपहिया वाहनों का तो 50 फीसदी निर्यात हो जाता है। यह इंडस्ट्री देश को बड़े पैमाने पर जीएसटी भी देती है। लग्जरी कारों में 28 फीसदी जीएसटी लगता है जिससे सरकार की खूब कमाई होती है। भारत में जिस तेजी से इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है, वह उल्लेखनीय है। पूरे देश में सड?ों का जाल तैयार हो गया है। 2023-24 में देश के अंदर में हर दिन 33 किलोमीटर से अधिक नेशनल हाइवे का निर्माण हुआ है। केंद्रीय सड? परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक 2023-24 में कुल 12349 किलोमीटर नेशनल हाइवे बने हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना है कि वह हर दिन 100 किलोमीटर हाइवे बनाए। इससे भारत अमेरिका को टक्कर देने की स्थिति में पहुंच जाएगा। देश में सडकें तेजी से बन रही हैं और इस कारण से वाहनों की बिक्री भी बढ़ रही है। अब कहीं भी सड़क मार्ग से जाना आसान होता जा रहा है। देश की राजधानी दिल्ली से यहां की वित्तीय राजधानी मुंबई तक पहले कारों से लोग नहीं जाया करते थे। उसमें 24 घंटे तक की थका देने वाली यात्रा करनी होती थी, लेकिन अब यह 1350 किलोमीटर की दूरी महज 12 घंटे में की जा सकती है। इस तरह की कई सडकें बन गई हैं जिनसे अपने गंतव्य पर पहुंचने में अब आधा समय लगता है और कम ईंधन फुंकता है। इससे सड़क परिवहन को बढ़ावा मिला है और वाहनों की बिक्री भी बढ़ी है। देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन भी बढ़ रहा है। विदेशी कंपनियों के अलावा भारतीय कंपनियां टाटा और महिंद्रा के अलावा दो पहिया बनाने वाली कई कंपनियां इलेक्ट्रिक वाहन बनाने लगी हैं। भारत में बनी कारें चीनी कार बावायडी या फिर इलोन मस्क की टेस्ला से काफी सस्ती हैं। इस वजह से इनकी बिक्री भी खूब बढ़ रही है। भारत में काम कर रही अन्य कार निर्माता कंपनियां जैसे मारुति, हुंडई, एमजी वगैरह भी इलेक्ट्रिक कारें बना रही हैं। इससे इसके बाजार में विस्तार हुआ है और लोगों में दिलचस्पी बढ़ी है। फिलहाल परंपरागत कारों के साथ-साथ इन कारों की बिक्री भी बढ़ रही है। सबसे बड़ी बात है कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। खेती से दोपहिया वाहनों की भी बिक्री बढ़ी है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि राजा प्यासा होने के कारण ( व्याकुलता में ) उसे पहचान न सका। सुंदर वेष देखकर राजा ने उसे महामुनि समझा और घोड़े से उतरकर उसे प्रणाम किया, परन्तु बड़ा चतुर होने के कारण राजा ने उसे अपना नाम नहीं बताया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- भूपति तृषित बिलोकि तेहिं सरबरू दीन्ह देखाइ।**
**मज्जन पान समेत हय कीन्ह नृपति हरषाइ॥**

राजा को प्यासा देखकर उसने सरोवर दिखला दिया। हर्षित होकर राजा ने घोड़े सहित उसमें स्नान और जलपान किया॥

**गै श्रम सकल सुखी नृप भयऊ। निज आश्रम तापस लै गयऊ॥**
**आसन दीन्ह अस्त रबि जानी। पुनि तापस बोलेउ मृदु बानी॥**

सारी थकावट मिट गई, राजा सुखी हो गया। तब तपस्वी उसे अपने आश्रम में ले गया और सूर्यास्त का समय जानकर उसने (राजा को बैठने के लिए) आसन दिया। फिर वह तपस्वी कोमल वाणी से बोला- ॥

**को तुम्ह कस बन फिरहु अकेलें। सुंदर जुबा जीव परहेलें॥**
**चक्रबर्ति के लच्छन तोरें। देखत दया लागि अति मोरें॥**

तुम कौन हो? सुंदर युवक होकर, जीवन की परवाह न करके वन में अकेले क्यों फिर रहे हो? तुम्हारे चक्रवर्ती राजा के से लक्षण देखकर मुझे बड़ी दया आती है॥ (क्रमशः...)

# कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने महिलाओं में जगाई उम्मीद की किरण

पहलगाम में पर्यटकों की नृशंस हत्या करने के बदले में भारत की पाकिस्तान पर स्ट्राइक की सफलता की जानकारी देने वाली भारतीय सुरक्षा बलों की दो महिला सैन्य अधिकारियों ने देश में महिलाओं के विपरीत हालात के बीच महिला सशिक्तकरण का सशक्त उदाहरण पेश किया है। देश भर में चर्चित लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया़ कुरैशी और वायु सेना में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने साबित कर दिया कि महिलाएं अदम्य साहस के साथ किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। निश्चित तौर पर युद्ध जैसी स्थिति के दौरान इन दोनों सैन्य अधिकारियों ने जिस शानदार तरीके से स्ट्राइक का विवरण पेश किया, उससे न सिर्फ महिलाओं में उत्साह का संचार होगा बल्कि हर मुश्किल हालात से निपटने के लिए साहस का उद्गम होगा।

पुणे में साल 2016 में आसियान प्लस देशों का बहुराष्ट्रीय फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास फोर्स 18 में 40 सैनिकों की भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व सिग्नल कोर की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया़ कुरैशी ने किया था। कुरैशी को बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारतीय सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी बनने का दुर्लभ गौरव हासिल हुआ। गुजरात निवासी सैन्य परिवार से आने वाली सोफिया़ कुरैशी साल 1999 में 17 साल की उम्र में शॉर्ट सर्विस कमीशन के ज़रिए भारतीय सेना में आई थीं। उन्होंने छह साल तक संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में भी काम किया। इसमें साल 2006 में कॉन्गो में एक उल्लेखनीय कार्यकाल शामिल है। उस वक्त उनकी प्रमुख भूमिका शांति अभियान में ट्रेनिंग संबंधित योगदान देने की थी। सोफिया कुरेशी के अलावा ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की ब्रीफिंग देने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह दूसरी चर्चित अधिकारी थीं। व्योमिका सिंह भारतीय वायु सेना में हेलीकॉप्टर पायलट हैं। उनके नाम का मतलब ही आसमान से जोडने् वाला है। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की कैडेट रही व्योमिका सिंह ने इंजीनियरिंग की। उन्हें साल 2019 में भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग ब्रांच में पायलट के तौर पर परमानेंट कमीशन मिला। व्योमिका सिंह ने 2500 घंटों से ज्यादा उड़ान भरी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत में मुश्किल हालात में चेतक और चीता जैसे हेलीकॉप्टर उड़ाए हैं। उन्होंने कई बचाव अभियान में भी अहम भूमिका निभाई है। इनमें से एक ऑपरेशन अरुणाचल प्रदेश में नवंबर 2020 हुआ था। इन दोनों महिला सैन्य अधिकारियों ने जिस आत्मविश्वास और दृढ़ता से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गाथा पेश कि वह न सिर्फ देशवासियों के दिल-दिमाग में अमिट रहेगी बल्कि तमाम बाधाओं के बावजूद महिलाओं में आगे बढने् की ललक कायम रखेगी। इनके जज्बे ने साबित कर दिया कि महिलाऐ देश में हर क्षेत्र में तरक्की का परचम लहरा रही हैं, चाहे वह क्षेत्र सैन्य जैसा चुनौतीपूर्ण और साहसिक क्षेत्र ही क्यों न हो। देश में महिला सशिक्तकरण की दिशा में इन दोनों महिलाओं का प्रदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। महिलाओं के सपने पूरा करने में मदद करेगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का अग्रणी प्रदर्शन विकसित बनने की दिशा में अग्रसर भारत की नई तस्वीर पेश करता है।



**पुणे में साल 2016 में आसियान प्लस देशों का बहुराष्ट्रीय फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास फोर्स 18 में 40 सैनिकों की भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व सिग्नल कोर की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया़ कुरैशी ने किया था।**

सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी देश का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलओं की सफलता की प्रेरणा के बावजूद देश की आम महिलाओं के लिए अभी भी मंजिल आसान नहीं हैं। भारत में पितृसत्तात्मक मानसिकता और लैंगिक असमानता के चलते महिलाओं को विरोधाभासी भूमिकाएँ निभाने के लिए मजबूर किया जाता है। महिलाओं की ताकत को यह सुनिश्चित करने के लिए उभारा जाता है कि वे बेटियों, माताओं, पत्नियों और बहू के रूप में पालन-पोषण करने वाली अपनी पारंपरिक भूमिकाएँ प्रभावी ढंग से निभाएँ। दूसरी ओर, एक 'कमज़ोर और असहाय महिला' की रूढ़िवादिता को बढ़ावा दिया जाता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अपने पुरुष समकक्ष पर पूरी तरह से निर्भर हैं।

भारत में लैंगिक असमानता महिलाओं की वर्तमान स्थिति प्रगति और चल रही चुनौतियों के जटिल अंतर्संबंध से जुड़ी है। लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की गई हैं। हालाँकि, गहराई से जड़ जमाए हुए सामाजिक मानदंड, आर्थिक असमानताएँ और राजनीतिक चुनौतियाँ यह दर्शाती हैं कि भारत में लैंगिक असमानता अभी भी मौजूद है। विडंबना यह है कि हमारे भारतीय समाज में जहाँ महिलाओं को देवी के रूप में पूजा जाता है, महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है और उन्हें समान अवसर से वंचित रखा जाता है।

भारत में लैंगिक असमानता अंतर रिपोर्ट, 2023 के अनुसार, लिंग समानता के मामले में भारत 146 देशों में से 127वें स्थान पर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस-5, 2019-21) के अनुसार, भारत में कुल लिंग अनुपात प्रति 1000 पुरुषों पर 1020 महिलाएँ हैं। हालाँकि, जन्म के समय लिंग अनुपात 929 पर कम बना हुआ है, जो जन्म के समय लिंग चयन जारी रहने का संकेत देता है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल मातृ मृत्यु दर रिपोर्ट (एमएमआर) के अनुसार, 2018-20 की अवधि के लिए भारत की एमएमआर 97 प्रति लाख जीवित जन्म है। एनएफएचएस-5 के अनुसार 15-49 वर्ष की आयु की 18.7 प्रतिशत महिलाएँ कम वजन की हैं। 15-49 वर्ष की आयु की 21.2 प्रतिशत महिलाएँ अविकसित हैं और 15-49 वर्ष की आयु की लगभग 53 प्रतिशत महिलाएँ एनीमिया से पीड़ित हैं। इसी रिपोर्ट के अनुसार 20-24 वर्ष की आयु की 23.3 प्रतिशत महिलाएं 18 वर्ष की आयु से पहले विवाहित या विवाहित थीं। एनएफएचएस-5 (2019-21) की रिपोर्ट के अनुसार, पुरुषों की साक्षरता दर 84.7 प्रतिशत की तुलना में महिलाओं की साक्षरता दर 70.3 प्रतिशत है। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो की लिंग आधारित हिंसा 'भारत में अपराध' 2021 की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराध के 4 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए। भारत में लिंगों के बीच वेतन अंतर दुनिया में सबसे ज़्यादा है। ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2021 के अनुसार, भारत में महिलाओं को औसतन पुरुषों की तुलना में 21 प्रतिशत वेतन मिलता है। पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार 2021-22 में कामकाजी आयु (15 वर्ष और उससे अधिक) की केवल 32.8 प्रतिशत महिलाएं ही श्रम बल में थीं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में महिलाओं का 81.8 प्रतिशत रोजगार अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में केंद्रित है। यह दर्शाता है कि भारत में अधिकांश महिला श्रमिक उच्च वेतन वाली नौकरियों में नहीं आ पाती हैं।

भारत के चुनाव आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2023 तक राज्य विधानसभाओं में कुल औसत महिला प्रतिनिधित्व सिर्फ 13.9 प्रतिशत है। अप्रैल 2023 के पंचायती राज मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों में लगभग 46.94 प्रतिशत महिलाएँ हैं। हालाँकि सरपंच-पति संस्कृति के प्रचलन का मतलब है कि यह आँकड़ा प्रभावी रूप से बहुत कम है। यह निश्चित है कि महिलाओं के उत्थान संबंधी आंकड़े कोई उत्साहवर्द्धक तस्वीर पेश नहीं करते हैं, किन्तु सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी महिलाओं की लिखी सफलता की नई इबारत मौजूदा हालात के बीच तरक्की से वंचित महिलाओं के लिए एक उम्मीद की किरण है।

**योगेंद्र योगी**
(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## मतलबी रिश्तों का महासंग्राम (व्यंग्य)

पहले रिश्ते नाजुक शीशे की तरह होते थे, जिन्हें लोग सहेजकर रखते थे। अब रिश्ते मजबूत प्लास्टिक की तरह हो गए हैं—मोच खा जाएँ तो गरम हवा में सीधा कर लो, टूट जाएँ तो दो नए ले आओ।



समय बदल गया है, भाईसाहब! अब रिश्ते भावनाओं से नहीं, सुविधाओं से संचालित होते हैं।

एक बार गाँव के पंडित जी ने कहा था—'रिश्ते भगवान के वरदान होते हैं।' अब पंडित जी को कौन बताए कि भगवान भी अब डिजिटल हो गया है। रिश्ते ई-वॉलेट में सेव रहते हैं, ज़रूरत पड़ी तो उपयोग कर लो। मोहल्ले के शर्मा जी ने पड़ोसी गुप्ता जी से दस हज़ार उधार लिए थे। जब तक पैसे थे, शर्मा जी गुप्ता जी को 'भैया' कहकर पान खिलाते थे। पैसे लौटाने की बारी आई तो शर्मा जी ने नया रिश्ता खोज लिया—'आप तो हमारे समधी तुल्य हैं!' गुप्ता जी समझ ही नहीं पाए कि कब भैया से समधी बन गए।

मोबाइल में सेव रिश्तों की सूची अब नाम के अनुसार नहीं, उपयोगिता के अनुसार वर्गीकृत होती है। 'कार के लिए मामा', 'नौकरी के लिए फूफा', 'फ्री ट्रीट के लिए दोस्त', और 'सोशल मीडिया लाइक्स के लिए कजिन'—ये आधुनिक रिश्तों के नए नाम हैं। किसी रिश्ते में भावनाएँ खोजने जाओ तो गूगल भी कहेगा—'404! इमोशन नॉट फाउंड!'

**समाज का हाल यह है कि रिश्ते अब भावनाओं का चुम्बकीय क्षेत्र नहीं रहे, बल्कि सुविधाओं की कुर्सी हैं, जिसे ज़रूरत के हिसाब से खींचो और फिर किनारे कर दो। यही है 21वीं सदी के मतलबी रिश्तों का महासंग्राम—जहाँ हर कोई जीतना चाहता है, और हारने वाला अकेला रह जाता है।**

बात इतनी बिगड़ गई है कि अब लोग रिश्तों को किसी भी किराए के सामान की तरह देखते हैं। माँ-बाप तब तक आदरणीय हैं जब तक बैंक बैलेंस अच्छा है, दोस्त तब तक प्रिय हैं जब तक पार्टी दे सकते हैं, और भाई-बहन तब तक शुभचिंतक हैं जब तक संपत्ति का बंटवारा नहीं हुआ। अगर आधुनिक रिश्तों का कोई घोषणापत्र बने, तो उसमें पहला नियम यही होगा—'लाभ दिखाओ, तब तक टिके रहो।'

समाज का हाल यह है कि रिश्ते अब भावनाओं का चुम्बकीय क्षेत्र नहीं रहे, बल्कि सुविधाओं की कुर्सी हैं, जिसे ज़रूरत के हिसाब से खींचो और फिर किनारे कर दो। यही है 21वीं सदी के मतलबी रिश्तों का महासंग्राम—जहाँ हर कोई जीतना चाहता है, और हारने वाला अकेला रह जाता है।

- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
(हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

## राशिफल

**वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा** — **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आमदनी में वृद्धि होगी। कुटुंबों में वृद्धि होगी। शब्द-साधक की तरह व्यवहार करेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
सुकुमारता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
खर्च की अधिकता रहेगी, हालांकि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति मध्यम।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समय। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। राजनीतिक लाभ होगा। व्यापारिक संतुलन बनेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की होगी। यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम-संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी व व्यापार अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
संतान की स्थिति बहुत अच्छी है। प्रेम की स्थिति बहुत अच्छी है। व्यापारिक दृष्टिकोण से भी शुभ संकेत।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी के प्रबल योग बन रहे हैं। घर में कुछ उत्सव हो सकता है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान का साथ होगा।

# सपा की मासिक बैठक में बूथ मजबूत करने पर चर्चा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सपा नोएडा महानगर संगठन की मासिक बैठक महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 33 में महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने मिशन 2027 को ध्यान में रखते हुए सभी समाजवादी साथियों को गांव व सेक्टर में जनसंपर्क करने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पीडीए पंचायत का आयोजन किया जा रहा है इसलिए कार्यकर्ता व पदाधिकारी जहां-जहां पीडीए पंचायत का आयोजन नहीं हुआ है वहां पीडीए पंचायत का आयोजन जरूर करवाएं । प्रदेश सचिव जयकरण चौधरी व सुनील चौधरी ने कहा कि सपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचना है इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता ईमानदारी से अपने बूथ को मजबूत बनाए। कार्यक्रम के अंत में युद्ध में शहीद हुए लोगों व जवानों के लिए 2 मिनट का सभी लोगों ने मौन रखा और उनको श्रद्धांजलि देने का काम किया।कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया




कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में महासचिव विकास यादव, विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान, टीटू यादव, मनोज गोयल, वीरपाल प्रधान, मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव, विवेक यादव, मुकेश प्रधान, लखन यादव , राणा मुखर्जी, रणधीर चौधरी, राजेश अंबाबत,शालिनी खारी ,मुन्ना आलम हीरालाल यादव,रवि पर्चा, सुनील चौहान,संजय ,विनोद कुमार ,केपी यादव, भानु प्रताप, राम सहेली, विश्वास ,नीरज कुमार, दानिश,सतवीर यादव,धर्मपाल ,बबली शर्मा, गौरव यादव, बब्बू यादव ,फूलचंद यादव, संतोष यादव, रंजीत पटेल ,वीर बहादुर, बाबा जयवीर ,नीर ,जयकरण, कैलाश यादव, अच्छे मियां ,दानिश ,मोहन कुमार ,डॉक्टर निसार अहमद, रूबी खातून, रोशन, विरासपति, रमोद सिंह साहिल,सोनू लाल, ओसामा आलम ,विशाल मोहम्मद अली, नीतीश चौहान, सुमित यादव ,बाबूलाल बंसल , हसीब शकील ,दाताराम यादव ,हरपाल सिंह ,राजेंद्र ,रमन ,कमल सिंह गौतम,रोहित यादव, देवेंद्र , किशन ,आसिफ अंसारी, रेणुका मेथी ,विमला ,राजीव श्रीवास्तव, कृपाल सिंह यादव, हेमचंद ,लोकपाल यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेक्टर-55 में कला महोत्सव का हुआ आयोजन




**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 55 के कम्युनिटी सेंटर में कला महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कला महोत्सव श्रीमती शर्जिका कपूर जी की संस्था उत्विषा कला केंद्र फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया। यह आयोजन स्वर्गीय राघव साह जी की स्मृति में किया गया, जिसमें पद्म विभूषण स्वर्गीय पं. बिरजू महाराज जी की पौत्री मिस रागिनी महाराज तथा दीपमाला नूतन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजन में बच्चों ने अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर ग्रेनो प्राधिकरण कर्मियों ने मनाया जश्न

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेनो प्राधिकरण में कार्यरत रहे माली व सफाई कर्मचारियों को नियमित किए जाने की मांग किए जाने के कारण 240 कर्मचारियों को वर्ष 2003 में प्राधिकरण द्वारा नौकरी से हटा दिया गया था जिन्हें ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में न्याय दिलाने के लिए पिछले 27 साल से लड़ाई लड़ रही ग्रेटर नोएडा माली एवं सफाई कामगार यूनियन सम्बध्द- सी.आई. टी.यू. को 5 मई 2025 को बड़ी सफलता मिली जब यूनियन द्वारा योजित विवादों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिया! जिससे कर्मचारियों को कार्य पर क्षतिपूर्ति सहित बहाली और श्रम विभाग द्वारा जारी वसूली प्रमाण पत्र में अंकित राशि 46 करोड़ 36 लाख 80 हजार रुपया कर्मचारियों को मिलने का रास्ता साफ हो गया।



सुप्रीम कोर्ट द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में दिए गए आदेश में हुई जीत की खुशी में आज 11 मई 2025 को गुर्जर भवन तुगलपुर ग्रेटर नोएडा सभागार में यूनियन में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें यूनियन से जुड़े कर्मचारियों के साथ-साथ जनपद के कई मजदूर- किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री रामकिशन सिंह ने 27 साल के संघर्ष को रेखांकित किया! साथ ही उन्होंने कहा कि इस लंबी लड़ाई में हमें सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर व संगठन के अन्य पदाधिकारियों और यूनियन के अध्यक्ष व वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार भाटी, सामाजिक कार्यकर्ता यशवीर भाटी, मेरठ श्रम न्यायालय में पैरवी करने वाले अधिवक्ता नरेश कुमार वर्मा, इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ता गोपाल नारायण, आकाश पांडे, सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा, प्रेम मल्होत्रा, अनसूया, सिवान मैनी का आभार व्यक्त किया। जिनकी मदद से यह न्याय संभव हो पाया जिसके लिए यूनियन की ओर से उन्हें शोल उढ़ाकर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

साथ ही कार्यक्रम में कर्मचारियों ने इस लड़ाई को मंजिल तक लेकर जाने वाले यूनियन के महामंत्री राम किशन सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष टीकम सिंह, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद, मंत्री धनपाल को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे सीटू दिल्ली एनसीआर राज्य कमेटी अध्यक्ष कामरेड वीरेंद्र गौड़, सीटू जिला नेता मुकेश कुमार राघव, राम स्वारथ का भी कर्मचारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए उन्हें फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा नेता राजकुमार भाटी, सामाजिक कार्यकर्ता यशवीर भाटी, प्रदीप भाटी, अजीत डोला, एडवोकेट प्रेम मल्होत्रा सीटू नेता कामरेड वीरेंद्र गोंड, गंगेश्वर दत्त शर्मा, रामसागर ने कर्मचारियों को जीत की बधाई दी और कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वे आगे भी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। साथ ही वक्ताओं ने यह भी रेखांकित किया कि जिन कानूनों के तहत कर्मचारियों को आज जीत मिली है केंद्र की मोदी सरकार उन तमाम श्रम कानूनों को खत्म करके चार लेबर कोड़ लाई है जिसके

# राव ब्रह्म सिंह भाटी को दी श्रद्धांजलि



**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के गांव शिवराजपुर में शहीद राव ब्रह्म सिंह भाटी की 31वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनके फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। 9 मई 1994 को सीआईएसएफ पुलिस फायरिंग में गोली लगने से ब्रह्म सिंह भाटी की मृत्यु हो गई थी। ब्रह्म सिंह भाटी एनटीपीसी में जूनियर टाइपिस्ट के पद पर कार्यरत थे। किसान कोटा से नौकरी पर लगे थे। उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन सुखबीर आर्य तिलपता ने किया। सभा की अध्यक्षता वीरेंद्र नंबरदार ने की। सभा का आयोजन सुदेश भाटी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने किया।

इस अवसर मनोज डाढा ने कहा कि ब्रह्म सिंह भाटी समाजसेवी थे। राजू भाटी पाली ने कहा कि वह सबके दुख सुख में साथ रहते थे। हर पुण्यतिथि पर समाज उन्हें याद करता रहता है। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से फकीरचंद नागर, राजकुमार भाटी राष्ट्रीय प्रवक्ता, गजराज नागर, मुकेश भाटी मुकदम वरिष्ठ भाजपा नेता, विजेंद्र नेता तिलपता, शक्ति भाटी तिलपता, परमाल भाटी, सोनू करतार भाटी, ब्रह्मजीत अघाना, राजेंद्र भाटी, बिल्लू भाटी, सतपाल भाटी, अंकित अघाना, गुड्डुन नागर, पूजा भाटी, सुधीर भाटी, जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी डॉ. शशी बाला यादव, सपा महिला अध्यक्ष कुलदीप अघाना, मनोज सागर, गजेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

# पृष्ठ एक के शेष....

**19 दिनों में पहली...**

हमलों तक बढ़ गईं थी। पुंछ के सुरनकोट में सामान्य स्थिति हो गई है, यह एक सीमावर्ती इलाका है जो हाल ही में भारी गोलाबारी और संघर्ष विराम के उल्लंघनों की मार झेलने के बाद काफी हद तक नुकसान पहुंचा था।

**''आतंकियों को घर...**

जिसके तहत सिंधु जल समझौता स्थगित किया गया और पाकिस्तान के साथ सभी व्यापार भी बंद कर दिया गया। पाकिस्तान का बड़ा कृषि क्षेत्र सिंधु नदी के पानी पर निर्भर है। ऐसे में भारत के सख्त कदम से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर होगा। संबित पात्रा ने कहा कि भारत ने कूटनीतिक स्तर पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया गया और किसी भी देश ने पााकिस्तान का समर्थन नहीं किया

ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को दिखाया कि भारत क्या कर सकता है। भारत सीमा पार जाकर भी भारत किसी भी ठिकाने पर सटीकता से हमला कर सकता है। संबित पात्रा ने कहा कि पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर में नौ आतंकी ठिकाने, 11 एयरबेस, 100 से अधिक आतंकवादी, 50 से ज्यादा सैनिक और अपनी इज्जत खोई है।

**अवैध निर्माण व प्राधिकरण...**

तथा अवैध निर्माण नहीं रोका। प्राधिकरण द्वारा नोटिस चस्पा किए जाने के बाद भी आरोपी अवैध निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर भूलेख विभाग तथा सर्कल एक की टीम द्वारा काम रोकने का प्रयास किया गया पर आरोपी नहीं मान रहे हैं। प्राधिकरण ने एक सप्ताह के बाद अवैध निर्माण ध्वस्त करने की चेतावनी दी है तथा इससे संबंधित नोटिस भी चस्पा कर दिया था। उधर इस मामले में ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी की थी।

**भंगेल एलिवेटिड व प्राधिकरण ....**

गर्डरों पर डेक-स्लैब बिछाने का काम भी होगा और इसे पूरा होने में एक महीने का समय लगने की उम्मीद है। इन अंतिम निर्माण को तेजी से पूरा करने के लिए पिछले महीने बरौला क्रॉसिंग पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया था। नोएडा प्राधिकरण का लक्ष्य अगले दो महीनों के अंदर एलिवेटेड रोड को जनता के लिए खोलना है। सड़क के निर्माण में कई रुकावटें आई हैं।

इस परियोजना की परिकल्पना 2013 में की गई थी। इसे जून 2020 में 468 करोड़ रुपये के बजट के साथ लॉन्च किया गया। यूपी ब्रिज कारर्पोरेशन को दिसंबर 2022 में इसे पूरा करना था। जिसे बाद में दिसंबर 2023 तक विस्तार दिया गया। इसके बद नई समय सीमा 31 दिसंबर, 2024 दी गई। निर्माण के दौरान, परियोजना का बजट खत्म हो गया, जिससे इसे संशोधित कर 608 करोड़ रुपये कर दिया गया। इसके अलावा अगाहपुर से भंगेल की ओर नियोजित मार्ग में दो इमारतों के अवरोध के कारण 90 मीटर के हिस्से की चौड़ाई आधा मीटर कम कर दी गई।

**सीएम करेंगे प्राधिकरण ..**

इसमें एक मीटिंग हॉल भी होगा। इसका निर्माण आधिकारिक तौर पर 5 जनवरी 2016 को शुरू हुआ। 2 जनवरी 2019 तक इसको पूरा होना था। घटिया काम और 451 दिनों की देरी के कारण मूल ठेकेदार को 2022 में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। फिर परियोजना को अक्टूबर 2022 में एक नए ठेकेदार को सौंप दिया गया, जिसका संशोधित लक्ष्य जनवरी 2024 था। 2023 में आईआईटी दिल्ली द्वारा किए गए स्ट्रक्चरल ऑडिट में भवन के डिजाइन में खामिया मिली। डिजाइन में बदलाव के कारण परियोजना का बजट भी शुरुआती 478 करोड़ रुपये से घटाकर 304 करोड़ रुपये कर दिया गया है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा कि इन दोनों परियोजनाओं के पूरा होने से नोएडा में यातायात प्रवाह में सुधार और नागरिक सेवाओं में सुधार होने की उम्मीद है।

**पत्नी व दो बेटियों का ....**

अमित के तीन अन्य भाई अनुज, संदीप, गोरेलाल व अजीत भी गांव में ही अमित के घर से 200 मीटर दूर रहते हैं। अमित के पिता उमेश अन्य बेटों के साथ रविवार को रिश्तेदार की शादी में रायबरेली गए थे। सोमवार सुबह सात बजे पड़ोस के गांव के बैरागर का एक युवक अमित के घर के पास से निकला तो दरवाजे की खुली खिड़की से अमित का शव लटका देख उसके भाई संदीप को जानकारी दी। अंदर से दरवाजा बंद होने पर संदीप पड़ोस की छत से चढ़कर घर में उतरा और दरवाजा खोला।

अमित का शव फंदे से लटक रहा था, जबकि उसकी पत्नी व दोनों बेटियां चारपाई पर पड़ी थीं। पत्नी के गले के पास रखी तकिया से चर्चा है कि अमित ने इसी तकिया से सभी का गला घोटा और फिर खुद फंदे से लटककर जान दे दी।

**विराट कोहली का....**

36 साल के विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आए थे। जहां भारत को 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। कोहली ने सीरीज के पहले मैच यानी पर्थ टेस्ट में शतक जरूर जड़ा, लेकिन इसके बाद वो संघर्ष करते हुए दिखे थे।

कोहली का ये संन्यास का फैसला ऐसे समय में आया है जब चयनकर्ता कुछ ही दिनों में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने वाले थे। बता दें कि कोहली ने पिछले साल ही टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था।

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



# सीजफायर के बाद बॉर्डर पर हालात सामान्य खुले बाजार, ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को हुए सीजफायर के बाद रविवार को बॉर्डर से लगे राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य नजर आए। सरकार ने जम्मू-कश्मीर के रामबन में बगलिहार और सालार डैम के गेट खोल दिए।

बता दें पाकिस्तान ने शनिवार को सीजफायर लागू होने के 3 घंटे बाद ही इसे तोड़ दिया था और सीमा से लगे इलाकों पर ड्रोन अटैक किया था जिसे भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था। भारतीय सेना को इस पर सख्त और ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कुछ समय बाद पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और ड्रोन अटैक रोक दिया गया और शनिवार को रात भर कोई अटैक जैसे स्थिति नहीं रही। बता दें पहलगाम हमला 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 5 जवान शहीद हो चुके हैं, जबकि 60 घायल हुए हैं। इसके अलावा 25 लोगों की मौत हुई है और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। भारत-पाकिस्तान से तनातनी के बीच हालात सामान्य हो गए हैं। राजस्थान के बॉर्डर इलाकों में बाजार खुल गए हैं। जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर में आम दिनों की तरह बाजारों में चहल-पहल है। उधर युद्ध के हालात को देखते हुए रेलवे ने राजस्थान से संबंधित 16 ट्रेनों को पूरी तरह और 11 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने का ऐलान किया था। अब इन ट्रेनों के बहाल करने का आदेश जारी किया गया है। जैसलमेर के सदर इलाके के पोहड़ा गांव में रविवार सुबह पुराने हैंड ग्रेनेड व कुछ जंग लगे कारतूस मिले। बाड़मेर में तड़के धमाके के साथ आसमान से संदिग्ध वस्तु गिरी है, जिसे सेना ने कब्जे में ले लिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद पंजाब से सटे पाक बॉर्डर पर हालात सामान्य होने लगे हैं। लोगों ने बॉर्डर से सटे गांव खाली कर दिए थे। अब वे वापस घर लौटने लगे हैं। सीजफायर के बाद शनिवार रात पठानकोट और सुबह के समय अमृतसर में धमाकों की आवाजें आईं। हालांकि ये धमाके किस चीज के थे, प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की। रात को बॉर्डर जिलों में ब्लैकआउट जरूर रहा।



## खास खबर

### सीजफायर के बाद हिसार एयरपोर्ट से उड़ाने होंगी शुरू

**पानीपत।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद हरियाणा में भी हालात सामान्य होने लगे हैं। शनिवार रात अंबाला और हिसार को छोड़कर किसी जिले में ब्लैकआउट नहीं हुआ। 16 मई से हिसार एयरपोर्ट भी शुरू हो जाएगा। एलायंस एयर ने अयोध्या जाने वाली फ्लाइट के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों में हुए तनाव के बाद हिसार एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया था। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने सोमवार से परीक्षाएं फिर से करवाने का फैसला किया है। परीक्षा कंट्रोलर ने कहा कि 12 मई सोमवार से परीक्षाएं नियमित रूप से पूर्व निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक सुबह और शाम को आयोजिहत की जाएंगी। 9 और 10 मई को स्थगित हुई परीक्षाओं का शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा। हरियाणा से होकर पंजाब और राजस्थान जाने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया था, सीजफायर के बाद 6 ट्रेनें बहाल कर दी गई हैं। जो ट्रेनें बहाल की हैं उनमें ट्रेन संख्या 14731, दिल्ली-बठिंडा। ट्रेन संख्या 14525, अंबाला-श्रीगंगानगर, ट्रेन संख्या 14732, बठिंडा-दिल्ली, ट्रेन संख्या 14526, श्रीगंगानगर-अंबाला, ट्रेन संख्या 54636, लुधियाना-हिसार, ट्रेन संख्या 54635, हिसार-लुधियाना हैं। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबन्धक ने शनिवार को कहा था कि ये ट्रेनें रूटीन की तरह संचालित होंगी।

### विक्रम गायकवाड़ ने दुनिया को कहा अलविदा

**मुंबई।** बॉलीवुड की हिट फिल्मों में काम कर चुके सीनियर मेकअप आर्टिस्ट विक्रम गायकवाड़ का शनिवार को निधन हो गया। दो बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुके विक्रम पिछले दिनों से ब्लड प्रेशर की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती थे। बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान समेत कई एक्टर्स ने विक्रम गायकवाड़ की मौत पर शोक जताया है। आमिर खान ने अपनी पोस्ट में लिखा- बहुत अफसोस के साथ हमें लीजेंडरी मेकअप आर्टिस्ट विक्रम गायकवाड़ को अलविदा कहना पड़ रहा है। कुछ नाम लूं तो मुझे उनके साथ दंगल, पीके और रंग दे बसंती जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला। वह अपने काम में माहिर थे और उनके ट्रांसफॉर्मेशन ने बहुत के एक्टर्स को कभी न भुलाए जा सकने वाले किरदारों में बदला जो स्क्रीन पर हमेशा जिंदा रहेंगे। उनके परिवार को मेरी और से सहानुभूति और संवेदनाएं। हम आपको बहुत मिस करेंगे दादा।

### महिला और बच्चों को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर बैठी महिला और चार बच्चों को टक्कर मार दी। हादसे में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि चारों बच्चे भी बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसा 8 मई का बताया जा रहा है जो रंगबाड़ी स्थित अजय आहूजा नगर में हुआ। यह पूरा हादसा सामने एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज 10 मई को सामने आया तब इस घटना की जानकारी लगी। अनंतपुर थाना के एएसआई ने बताया कि घायल महिला इंद्रा बाई के बेटों ने शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद कार ड्राइवर चिराग जांगिड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल ड्राइवर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही।

## पाकिस्तानी हमले में शहीद का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

▸ अंतिम यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, रास्ते भर लगे सुरेंद्र कुमार अमर रहे के नारे



एजेंसी

**झुंझुनूं।** पाकिस्तानी हमले में शहीद झुंझुनूं के एयरफोर्स जवान का अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। एयरफोर्स में असिस्टेंट मेडिकल सार्जेंट सुरेंद्र कुमार शनिवार सुबह उधमपुर एयरपोर्ट पर शहीद हो गए थे। परिवार ने बताया कि इस हमले में तीन और जवान के घायल होने की जानकारी उन्हें दी गई थी। शहीद सुरेंद्र की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटी वृत्तिका ने रोते हुए कहा- पापा ने देश के लिए अच्छा काम किया है। शहीद जवान सुरेंद्र कुमार को तिरंगे में दोपहर 12 बजे मंडावा से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई। जयपुर से आई सैन्य टुकड़ी भी इसमें शामिल थी। भारत माता की जय और सुरेंद्र कुमार अमर रहे के नारे पूरी यात्रा में लगते रहे। यहां से उनके गांव मेहरादासी तक करीब 9 किलोमीटर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई इसके बाद उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले सुबह करीब 11.15 बजे दिल्ली से सड़क मार्ग के जरिए उनकी पार्थिव देह को मंडावा लाया गया था। शहीद की तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गाने बज रहे थे। जिले भर से शामिल युवाओं ने बाइक रैली भी निकाली।

## पिकअप से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद



एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर में एक लावारिस खड़ी पिकअप से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने शुक्रवार देर रात मोहनपुरा पुलिया के पास कुल 2075 किलो विस्फोटक बरामद किया। पुलिस ने इसकी जानकारी पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन को दे दी है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही। पिकअप मालिक या चालक का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी है। डीओ एएसआई ने बस्सी थाने में इस विस्फोटक सामग्री की एफआईआर दर्ज कराई हैं। रिपोर्ट में बताया गया है वह शुक्रवार रात गश्त पर थे। इस दौरान रात 2.30 बजे हेड कॉन्स्टेबल का फोन आया। उसने बताया कि मोहनपुरा पुलिया के पास दोसा से जयपुर की तरफ आगरा रोड पर अंशिका चाय की दुकान के सामने एक लावारिस पिकअप खड़ी है। इसमें कुछ कार्टन रखे हैं जो संदिग्ध मालूम हो रहे हैं। गाड़ी का चालक भी नहीं है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। पिकअप की जांच की गई तो कार्टन पर ऑप्टिस्टार एक्सप्लोसिव लिखा हुआ था। नीचे सफेद कट्टों में अमोनियम नाईट्रेट लिखा हुआ था। गाड़ी में कुल 63 कार्टन और 10 प्लास्टिक के कट्टे मिले। 63 कार्टन पर शुद्ध वजन 25 किलो और 10 प्लास्टिक के कट्टों पर 50 किलो लिखा था। इनमें सफेद दाने नुमा पदार्थ था। चालक की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। पिकअप नम्बर के आधार पर वाहन मालिक का पता ईश्वर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह रावत निवासी शिवपुर नरेली मांडल भीलवाड़ा के रूप में सामने आया है। पिकअप मालिक से भी कोई सम्पर्क नहीं हुआ है। पिकअप का स्टेयरिंग लॉक था, इस पर क्रेन की सहायता से पिकअप को मौके से हटाया गया।

### पुंछ में गोलीबारी में जुड़वा भाई-बहन की मौत

**श्रीनगर ।** जम्मू कश्मीर के पुंछ में गोलीबारी ने 12 साल के जुड़वा भाई- बहन को हमेशा हमेशा के लिए मौत के मुंह में सुला दिया है। बहन का नाम जैन और लड़के का नाम जोया था। उनके माता-पिता इन्हें पढ़ाई के लिए पुंछ लेकर आए थे। पाकिस्तान की ओर से हुई गोलाबारी में इन बच्चों की दुनिया उजड़ गई। इस हमले में 13 नागरिकों की मौत हुई है। 59 लोग घायल हुए हैं। दोनों बच्चों के पिता रमीज खान भी गंभीर रूप से घायल हैं।उनका जीएमसी राजौरी में इलाज चल रहा है। उनकी हालत भी खतरे में बनी हुई है। दोनों भाई बहनों का एक साथ जन्म हुआ था। दोनों की मौत भी एक साथ हुई। दोनों साथ खेलते थे, साथ में ही स्कूल जाते थे।

## बीकानेर के खेत में मिला ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर और नोज

▸ भारत ने इसे पाकिस्तान में लक्ष्य पर निशाना साधने किया था इस्तेमाल

एजेंसी

**जयपुर।** भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद सीमा पर शांति है। इसी बीच राजस्थान के बीकानेर के नजदीक एक खेत में ब्रह्मोस मिसाइल का बूस्टर और नोज कैप मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि रात में आसमान में तेज रोशनी के साथ जोरदार धमाका हुआ था, जिसके बाद यह मलबा खेत में गिरा। भारत ने ब्राह्मोस मिसाइल को पाकिस्तान के बहावलपुर में अपने लक्ष्य पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल किया था। जैसे ही मिसाइल को लॉन्च किया गया तो तुरंत ही इसके बूस्टर और नोज कैप बाहर निकल गए। इससे यह पता चलता है कि ब्रह्मोस बहावलपुर में सफलतापूर्वक अपने लक्ष्य को निशाना बनाया है। इससे पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम की पोल खुल गई जो इतनी तैयारी और समय होने के बावजूद ब्रह्मोस को रोकने में विफल रहा। गांव के लोगों ने रात को एक तेज चमक और जोरदार धमाके की आवाज सुनी थी, जिसके बाद अगली सुबह खेत में यह भारी भरकम धातु का सिलेंडरनुमा ढांचा मिला। इसके बाद अगले दिन यहां लोगों की भीड़ जुट गई। विशेषज्ञों के मुताबिक ब्राह्मोस मिसाइल के ये हिस्से- बूस्टर और नोज कैप लॉन्च के तुरंत बाद अलग हो जाते हैं और जमीन पर गिर जाते हैं।

## कभी भी दुनिया को खत्म कर देगा, छीना जाए पाकिस्तान का परमाणु बम : असदुद्दीन ओवैसी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया जानती है पाकिस्तान के पास परमाणु बम है वो कभी भी दुनिया को खत्म कर सकता है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त बयान देते हुए उसके परमाणु हथियारों के निरस्त्रीकरण की मांग की। उन्होंने पाकिस्तान को पूरी दुनिया की सलामती के लिए बड़ा खतरा बताया और कहा कि अब वैश्विक नेताओं को मिलकर यह फैसला करना होगा कि क्या एक नाकाम और चरमपंथी मुल्क को न्यूक्लियर हथियार रखने की इजाजत मिलनी चाहिए। ओवैसी ने हालात पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि श्रीनगर एयरपोर्ट तक ड्रोन पहुंच रहे हैं, अस्पतालों पर हमले हो रहे हैं और हमारे फौजी जान की बाजी लगाकर मुल्क की हिफाजत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम जंग नहीं चाहते, लेकिन अगर कोई हमें लड़ाई के लिए मजबूर करेगा, तो फिर हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने सभी भारतीयों से अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर भारतीय सेना के साथ मजबूती से खड़े हों, क्योंकि यह सिर्फ सीमा पर नहीं, बल्कि हर घर और नागरिक की सुरक्षा की लड़ाई है।

### सोते समय खुशबू सुनने से बढ़ती है याददाश्त

**वाशिंगटन ।** कैलिफोर्निया की यूनिवर्सिटी इरविन के वैज्ञानिकों ने एक रिसर्च के परिणाम में दावा किया है। रात को सोते समय जो लोग खुशबू सूंघते हैं। उन लोगों की याददाश्त में 226 फीसदी तक की वृद्धि देखी गई है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने 60 साल से 85 साल तक के वृद्धो पर यह प्रयोग किया। 6 महीने तक लगातार नेचुरल खुशबू सुघांई गई। रिसर्च में पाया गया इससे उन्हें गहरी नींद आती हैं। दिन की घटनाओं की जानकारी को अच्छी तरह से याद रख पाते हैं। सुगंध के कारण उनकी नींद गहरी होती है। जो यादों को बनाए रखने में मदद करती है।

## डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस का भव्य आयोजन

एजेंसी

**मीरजापुर।** हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मातृ दिवस इस वर्ष 11 मई को पूरी दुनिया के साथ-साथ मिजार्पुर के डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में भी बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। 10 मई को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में मातृत्व के सम्मान में बच्चों और माताओं ने मिलकर एक अविस्मरणीय उत्सव का हिस्सा बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री अर्पिता मुखर्जी, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती सुमिता दत्ता व श्रीमती रिया भूटानी, एकेडमिक हेड प्रेरणा आशीष तिवारी, कोऑर्डिनेटर निहारिका सेठ और आमंत्रित माताओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। नर्सरी और एलकेजी के बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटिका प्रस्तुत कर माताओं की आंखों में खुशी के आंसू ला दिए। यूकेजी से कक्षा 8 तक के छात्रों ने मातृ दिवस पर कार्ड, गुलदस्ते और पोस्टर बनाकर मां के महत्व को रचनात्मक ढंग से दशार्या। माताओं के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक विशेष इंटरव्यू सेशन ने माताओं को अपने अनुभव साझा करने का अवसर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माताओं और बच्चों का रैंप वॉक रहा, जिसने सभी का दिल जीत लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उपहार, सैश और मेडल देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी माताओं को टियारा और शील्ड भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अपराजिता सिंह ने अपने संबोधन में कहा, मां का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। मां के बिना जीवन की कल्पना असंभव है। मां है, तो जन्नत है।र प्रधानाचार्य श्री राजेश राठौर ने माताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने बचपन की यादें साझा कीं।कार्यक्रम का सफल संचालन निहारिका सेठ, नम्रता श्रीवास्तव, पूर्णिमा गुप्ता और कक्षा 7 की छात्रा अंशिका सिंह ने किया। इस आयोजन ने न केवल मातृत्व का उत्सव मनाया, बल्कि माताओं और बच्चों के बीच के अटूट बंधन को और मजबूत किया।



## मीरजापुर में समलैंगिक विवाह को लेकर हंगामा

### दो बच्चों की मां से शादी की जिद पर अड़ी युवती, थाने में पुलिस पंचायत

एजेंसी

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के कुंदरुफ गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवती, राधिका, दो बच्चों की मां, अनीता, से समलैंगिक विवाह करने की जिद पर अड़ गई है। राधिका के परिवार के विरोध और शिकायत के बाद दोनों मड़िहान थाने पहुंचीं, जहां जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की और मामले की कानूनी जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि राधिका अक्सर अपने जीजा संदीप के घर सोनभद्र जिले के घोरावल जाती थी, जहां पड़ोस में रहने वाली अनीता से उसकी नजदीकियां बढ़ीं। अनीता, जिसके दो छोटे बच्चे (एक दो साल का बेटा और एक छह महीने का बच्चा) हैं, पति द्वारा छोड़े जाने के बाद अपने मायके में रहती थी और आर्केस्ट्रा में काम करती थी। दोनों के बीच मुलाकातें धीरे-धीरे गहरे लगाव में बदल गईं। बुधवार को दोनों अचानक घर से गायब हो गईं, जिसके बाद राधिका के परिवार ने पुलिस को सूचना दी। मड़िहान पुलिस ने राधिका के भाई सुरेंद्र की तहरीर पर दोनों को बरामद किया। थाने में दोनों ने स्पष्ट किया कि वे समलैंगिक विवाह कर एक साथ रहना चाहती हैं। सुरेंद्र ने आरोप लगाया कि अनीता ने उसकी बहन को बहला-फुसलाकर उसका जीवन बर्बाद करने की कोशिश की है। वहीं, राधिका और अनीता थाने में भी एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की जिद पर अड़ी रहीं। मड़िहान थाना प्रभारी बली मौर्य ने बताया कि मामला संवेदनशील है और दोनों पक्षों की बात सुनी जा रही है। राधिका को दस्तावेजों के साथ अगले दिन थाने बुलाया गया है। पुलिस पूरे मामले की कानूनी दृष्टिकोण से जांच कर रही है।



### कार-ट्रक टक्कर में एक युवक की मौत

**बांदा ।** फरुर्खाबाद से लग्न चढ़ाकर फिरोजाबाद लौट रही कार को क्षेत्र दिहुली चौराहे के निकट ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार पलटने से उसमें सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज सैफई भिजवाया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा है। वहीं टक्कर मारकर ट्रक लेकर भाग रहे चालक को सिरसागंज में पकड़ लिया गया है। फिरोजाबाद जिले के थाना खंगर क्षेत्र के गांव परियर की ठार निवासी शिवकुमार की पुत्री की शादी फरुर्खाबाद जिले से हो रही है। वह पुत्री की लग्न चढ़ाने के लिए फरुर्खाबाद के मोहम्मदाबाद गए थे। उनके साथ रिश्तेदार भी अपने-अपने वाहनों से गए थे।

## मिजार्पुर के तिलई मौआर गांव में बारात में विवाद

एजेंसी

**मिजार्पुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के तिलई मौआर गांव में शनिवार को संतोष गौड़ की बेटी की शादी के दौरान घराती और बरातियों के बीच हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। जिगना थाना क्षेत्र के गोगांव से आई बारात के दौरान किसी बात को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि बरातियों ने गांव के दो युवकों, विशाल कुमार (पुत्र राजाराम) और आकाश कुमार (पुत्र बाबूलाल), को जबरन कार में बैठाकर ले गए। घटना शनिवार देर रात और रविवार भोर के बीच की बताई जा रही है।

बताया जाता है कि विवाद के दौरान बरातियों की एक कार का शीशा टूट गया, जिससे नाराज होकर उन्होंने यह कदम उठाया। परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। विंध्याचल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि यह घराती और बरातियों के बीच आपसी विवाद का मामला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।इसके अतिरिक्त, विंध्याचल थाना क्षेत्र में एक अन्य घटना की जानकारी सामने आई है। मिजार्पुर पुलिस के प्रेस नोट के अनुसार, 2 मई 2025 को अरगजा पाण्डेयपुर पहाड़ी पर दो सगे साढुओं, सुभाष मुसहर और राजीव मुसहर, के बीच झगड़े के दौरान सुभाष ने पत्थर से राजीव के सिर पर प्रहार किया, जिससे राजीव की मृत्यु हो गई। पुलिस ने 11 मई को सुभाष मुसहर को गिरफ्तार कर लिया और घटना में प्रयुक्त पत्थर बरामद किया। अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा संख्या 135/2025, धारा 105 बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। तिलई मौआर मामले में पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोनों युवकों की सुरक्षित बरामदगी और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने घटना पर चिंता जताते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।



# भारत-पाक को लेकर चीन खेल रहा डबल गेम

▸ एक तरफ आतंक का विरोध तो दूसरी तरफ पाक को बता रहा लोहे जैसा मजबूत दोस्त

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए चीन ने एक ओर जहां आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख दिखाया, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को अपना आयरन-क्लैड फ्रेंड यानी लोहे जैसा मजबूत मित्र बताया है। चीन ने उसकी संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता के समर्थन की बात दोहराई। यह घटना भारत-चीन-पाकिस्तान के बीच चल रही कूटनीतिक रस्साकशी का एक नया अध्याय बन गई है, जहां चीन की दो चेहरे वाली नीति सबके सामने उजागर हो रही है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से बातचीत की। इस दौरान वांग ने पाकिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय स्वतंत्रता की रक्षा में चीन के समर्थन को दोहराया। उन्होंने पाकिस्तान को हर मौसम का रणनीतिक साझेदार और लोहे जैसा दोस्त करार दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया कि वांग ने पाकिस्तान के संयम और जिम्मेदाराना रवैये की तारीफ की। इसके साथ वांग ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी फोन पर बातचीत की और पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि चीन आतंकवाद का विरोध करता है। चीनी विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य जटिल और अस्थिर है। ऐसे में एशिया में शांति और स्थिरता बेहद जरूरी है और उसे संभालकर रखना चाहिए। चीन ने कहा कि वह चाहता है कि भारत और पाकिस्तान दोनों पक्ष संयम बरतें, आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाएं और किसी भी तरह की सैन्य टकराव की स्थिति से बचें। बीजिंग ने उम्मीद जताई कि दोनों देश व्यापक और स्थायी संघर्षविराम की दिशा में आगे बढ़ेंगे, जो न केवल दोनों देश, बल्कि पूरा अंतरराष्ट्रीय समुदाय चाहता है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन की यह दोमुंही नीति है, जहां एक ओर वह आतंकवाद की निंदा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के समर्थन में खड़ा है। रोम के दोमुंहे देवता जैनस की तरह चीन भी एक साथ दो चेहरों के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ ने संघर्षविराम की घोषणा के बाद चीन के प्रति आभार जताते हुए कहा था कि मैं चीन के राष्ट्रपति और वहां की जनता को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं, जो पिछले 58 सालों से पाकिस्तान के साथ खड़े हैं। शनिवार को भारत और पाकिस्तान ने जल, थल और वायु मार्ग से सभी सैन्य कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने पर सहमति जताई। इस समझौते को लेकर कई देशों ने दावा किया कि इसमें उनकी भूमिका रही है। कई रिपोर्ट में कहा गया कि यह समझौता चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब सहित कई देशों की गहन कूटनीतिक कोशिशों के बाद हुआ। वहीं, भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह समझौता पूरी तरह से द्विपक्षीय बातचीत का परिणाम है और इसमें कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं हुआ। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने इस संघर्षविराम के लिए बिना किसी शर्त या अन्य मुद्दों से जोड़ने की कोशिश किए बगैर सहमति जताई।



## ब्रह्मोस का भारत ने पहली बार उपयोग कर पाकिस्तान को किया बेदम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को बेदम करने में ब्रह्मोस का बड़ा योगदान है। यह पहला मौका है जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत ब्रह्मोस का उपयोग किया। भारत की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान के कई प्रमुख सैन्य अड्डों पर सटीक और योजनाबद्ध तरीके से हमले किए। इन हमलों में अत्याधुनिक मिसाइलों और आधुनिक गाइडेड हथियारों का उपयोग किया गया, जिसमें ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, स्कैल्प एयर-लॉन्च क्रूज मिसाइल और हैमर गाइडेड म्यूनिशन जैसे हथियार शामिल बताए जा रहे हैं। भारतीय सेना ने केवल सैन्य और तकनीकी ठिकानों को ही निशाना बनाया जैसे कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, रडार स्टेशन, यूएवी बेस और हथियार भंडार स्थल। मुरिद एयरबेस पाकिस्तानी ड्रोन और यूएवी गतिविधियों का मुख्य केंद्र है, वहीं रफीकी बेस में उन्नत फाइटर स्क्वॉड्रन तैनात हैं। चकलाला स्थित नूर खान बेस में पाकिस्तानी वायुसेना की भारी परिवहन क्षमता और ईंधन भरने वाले विमानों की तैनाती है। भारतीय वायुसेना के राफेल लड़ाकू विमानों से लॉन्च किए गए ये हथियार पाकिस्तानी वायुसेना के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ठिकानों जैसे कि रफीकी (झंग), मुरिद (चक्कवाल), नूर खान (चकलाला, रावलपिंडी), रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनीयां (कसूर) को निशाना बनाया गया। स्कर्दू, भोलारी, जैकबाबाद और सरगोधा के एयरबेस को भी गंभीर क्षति पहुंची है।

## खास खबर

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर काउपर का निधन

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर बॉब काउपर का निधन हो गया है। काउपर 84 के थे और उम्र से जुड़ी परेशानियों का सामना कर रहे थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने उनके निधन पर दुख जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्ति की है। काउपर के नाम एक अनौखा रिकॉर्ड है। वह अपनी घरलू जमीन पर टेस्ट मैच में तिहरा शतक लगाने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज काउपर ने साल 1964 से 1968 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए कुल 27 टेस्ट मैच खेले। उनके टेस्ट करियर का सबसे शानदार प्रदर्शन 1965/66 एशेज सीरीज के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली 307 रनों की शानदार पारी थी। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी भी बल्लेबाज का टेस्ट में पहला तिहरा शतक था। केवल सात ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने ही अभी तक टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाचया है। उनमें काउपर भी एक हैं। काउपर ने अपने टेस्ट करियर के दौरान 46.84 की औसत से कुल 2,061 रन बनाए, जिसमें पांच शतक भी शामिल हैं।

### 51वां ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस का शुभारंभ

**इन्दौर।** इन्दौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित श्रीमती प्रेमलता वेद स्मृति 51वां ग्रीष्मकालीन टेबल टेनिस शिविर प्रारंभ होकर 31 मई तक आयोजित किया जायेगा। शहर के विस्तार को देखते हुए प्रातः 07.00 बजे से 09.00 बजे तक इस वर्ष यह शिविर अभय प्रशाल, नेहरू स्टेडियम, सिद्धार्थ सोनी एकेडमी, स्पूतनिक प्रेस क्लब, न्यू एरा पब्लिक स्कूल विजय नगर, व्ही.एस. टेबल टेनिस एकेडमी मानवता नगर आदि 08 से अधिक स्थानों पर आयोजित किये जा रहे है। इन श?िविरों में 250 से अधिक नन्हे खिलाड़ियों को प्रशांत व्यास, गगन चंद्रावत, रोहन जोशी, नीलेश परदेसी, कलीम खान, रोशन जोशी आदि राष्ट्रीय स्तर के प्रशक्षिक खेल की बारीकिया सिखा रहे है। शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश वेद के मुख्य आतिथ्य व मध्य प्रदेश के ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

### कतर मैच में सभी दस विकेट एक साथ गिरे

**बैंकाक।** यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर के बीच खेले गये महिला टी20 विश्व कप एशिया क्वालीफायर 2025 में सभी 10 विकेट एकसाथ गिरने से सभी हैरान हो गये। हुआ यूं कि यूएई ने कतर के खिलाफ मैच में अपनी पूरी टीम को रिटायर्ड आउट किया। इसके पीछे का कारण बारिश के खतरे को बताया गया है। इस मैच में यूएई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरूआत की। सलामी बल्लेबाज तीर्था सतीश और कप्तान ईशा रोहित ओजा ने पहले विकेट के लिए 16 ओवर में 192 रन की साझेदारी की। जिसके बाद खराब मौसम को देखते हुए टीम ने सभी 10 खिलाड़ियों को रिटायर्ड आउट करार दे दिया। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पारी को घोषित करने का विकल्प नहीं हैं, ऐसे में सभी बल्लेबाजों ने पैड पहने और क्रीज में पहुंचने के बाद अपने को रिटायर्ड आउट करवाया। इसके बाद कतर की टीम 11.1 ओवर में 29 रन ही बना सकी। इस प्रकार यूएई की टीम ने 163 रनों से जीत हासिल की।

# मंधाना ने शानदार शतक लगाकर अहम रिकार्ड किया अपने नाम

एजेंसी

**कोलंबो।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मेजबान श्रीलंकाई टीम के खिलाफ त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के फाइनल में शानदार शतक लगाकर एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। मंधाना ने मेजबान टीम की कप्तान चमारी अट्टापट्टू के खिलाफ लगातार तीन चौके लगाकर अपना शतक लगाया। इसी के साथ ही मंधाना एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली बल्लेबाज तीसरी बल्लेबाज बनी हैं। मंधाना ने



सीरीज के फाइनल में मेजबान श्रीलंकाई गेंदबाजों को जमकर पीटा। इस बल्लेबजा ने जमकर चौके और छक्के लगाये। मंधाना ने 92 गेंदों में 12 चौके और 2 छक्कों की सहायता से शतक लगाया, ये एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनका 11वां शतक था। वह 11 या इससे ज्यादा शतक लगाने वालीं दुनिया की तीसरी बल्लेबाज हैं। इस मामले में उन्होंने इंग्लैंड की टॉमी ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा है, जिनके नाम अब तक महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10 शतक हैं। महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक मैग लेनिंग ने 15 और सूजी बेट्स ने 13 शतक लगाये हैं। श्रीलंका के खिलाफ मंधाना का ये पहला शतक है।

## आईपीएल के बचे हुए मैचों के लिए शेड्यूल जल्द घोषित कर सकती है बीसीसीआई

एजेंसी




**मुम्बई।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद अब एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले शुरू होने की उम्मीद जतायी जा रही है। दोनो देशो के बची तनाव बढ़ने के कारण शुक्रवार को आईपीएल मुकाबले एक सप्ताह के लए स्थगित कर दिये गये थे। अब जबकि सीजफायर लागू हो गया है तो ऐसे में आईपीएल के बचे हुए मुकाबलों का शेड्यूल शीघ्र घोषित हो सकता है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार 15 या 16 मई से आईपीएल फिर शुरू होने की संभावना है। बीसीसीआई जल्द ही नए कार्यक्रम की घोषणा करेगा। लीग में अभी तक 57 मैच खेले गये हैं। पंजाब और दिल्ली किंग्स मैच से ही सत्र निलंबित किया गया था। वहीं से ये फिर से शुरू होगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई बचे हुए कार्यक्रम को शीर्ष ही अंतिम रुप दे सकता है। इस दौरान धर्मशाला के अलावा अन्य सभी स्थलों पर मुकाबले खेले जाएंगे। इसी के तहत ही स्वदेश लौटे अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों को जल्द से जल्द अपनी-अपनी टीमों से जुड़ने को कहा जाएगा। आईपीएल के इसी सत्र में कुल 60 से अधिक विदेशी खिलाड़ी खेल रहे हैं। अब तक कुल 57 मैच खेले जा चुके हैं और बाकी मैच भी तय समय में पूरे किये जाएंगी। बोर्ड आने वाले दिनों में नया कार्यक्रम जारी करेगा।

## आईपीएल 2025 के बचे मैच कराने इंग्लैंड तैयार : माइकल वॉन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण आईपीएल 2025 को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद अटकलें तेज हो गई हैं कि अगर शेष मैच भारत में आयोजित नहीं हो पाते, तो बीसीसीआई के पास कौन से विकल्प मौजूद हो सकते हैं। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने इंग्लैंड में आईपीएल के मैचों को आयोजित करने का प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बीसीसीआई से टूनार्मेंट के आयोजन को लेकर बातचीत



शुरू की है। एक इंग्लिश मैगजीन के मुताबिक, शुक्रवार की शाम को ईसीबी ने बीसीसीआई से संपर्क किया। हालांकि, बीसीसीआई की तरफ से इस बातचीत को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श करने के बाद यह निर्णय लिया। गौरतलब है कि गुरुवार को जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी मिलने के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को रद्द कर दिया गया था, जिसके बाद आईपीएल के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। बीसीसीआई सचिव ने एक विज्ञप्ति में कहा, ह्लबीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है।

## विराट अभी संन्यास न लें : ब्रायन लारा

एजेंसी

**जमैका।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर ब्रायन लारा ने भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लें। लारा के अनुसार विराट जैसे खिलाड़ी हर पीढ़ी में एक बार ही आते हैं। उनकी तकनीक, जुनून और समर्पण टेस्ट क्रिकेट को जीवंत बनाए रखता है। इसलिए मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने फैसले पर फिर से विचार करें क्योंकि विश्व क्रिकेट को अभी उनकी जरूरत है। लारा के अनुसार विराट के होने से युवा खिलाड़ियों को भी बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। वहीं विराट ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड



(बीसीसीआई) से कहा है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले खेल से संन्यास लेना चाहते हैं। बीसीसीआई भी हालांकि अभी नहीं चाहता है कि विराट संन्यास लें क्योंकि टीम को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है।भारतीय टीम के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी)अभियान में भी उनकी अहम भूमिका रहेगी। बीसीसीआई भी इसी कारण विराट को मना रहा है। वह चाहता है कि कोहली कम से कम इस डब्ल्यूटीसी चक्र तक टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखें, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी शामिल है। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 8,848 रन बनाए हैं, जिसमें 29 शतक और 30 अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 49.15 है। कोहली ने पिछले कुछ समय से सीमित ओवरों के क्रिकेट पर अधिक ध्यान दिया है।

## बल्लेबाज आंद्रे रसेल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं

एजेंसी

**जमैका।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज आंद्रे रसेल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे आंद्रे रसेल का बल्ला भले इस बार शांत हो, लेकिन उनकी निजी जिंदगी हमेशा सुर्खियों में रही है। रसेल की पत्नी जैसिम लोरा सिर्फ एक खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि एक मशहूर अमेरिकी मॉडल और फैशन ब्लॉगर भी हैं, जिनका सोशल मीडिया पर जबरदस्त क्रेज है। जैसिम की पहचान उनके बोल्ड फोटोशूट और इंस्टाग्राम पर स्टाइलिश अंदाज के लिए होती है। वह जेसीमलोरारु नाम से इंस्टा पर एक्टिव हैं और उनके तीन लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। जैसिम कई नामचीन ब्रांड्स के साथ काम कर चुकी हैं और फैशन इंडस्ट्री में एक



जाना-माना नाम हैं। लेकिन क्रिकेट की दुनिया में उनकी चर्चा तब शुरू हुई, जब वह आंद्रे रसेल की गर्लफ्रेंड के तौर पर सामने आईं। रसेल और जैसिम का रिश्ता 2014 में सगाई के साथ सार्वजनिक हुआ और दो साल बाद, जुलाई 2016 में दोनों ने शादी कर ली। उनकी शादी का जश्न बेहद निजी और खास था। इसके बाद जनवरी 2020 में उनके घर एक प्यारी सी बेटी ने जन्म लिया। जैसिम न सिर्फ रसेल की पत्नी हैं, बल्कि उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर भी हैं।

## रायुडू ने की विराट से संन्यास नहीं लेने की अपील

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिये। रायुडू के अनुसार विराट में अभी काफी क्रिकेट बाकी है और उनके बिना टेस्ट क्रिकेट पहले की तरह नहीं रहेगा। इसलिए उन्हें अपने फैसले पर फिर से विचार करना चाहिये। साथ ही लिखा, आपके पास अभी बहुत कुछ देने को है। आपके बिना टेस्ट क्रिकेट वैसा नहीं होगा, जब आप भारत के लिए मैदान पर उतरते हैं। इसलिए अपने फैसले पर एक बार फिर विचार करें। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार विराट ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। इसी को लेकर वह पिछले एक महीने से बीसीसीआई के साथ बातचीत भी कर रहे थे। कोहली यदि संन्यास लेते हैं, तो इसी के साथ ही उनका 14 साल का टेस्ट करियर समाप्त हो जाएगा।

## शुभमन बनाये जा सकते हैं भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान

- ऋषभ को मिल सकती है उपकप्तानी
- बुमराह को इसलिए नहीं मिलेगा अवसर

एजेंसी

**मुम्बई।** युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे से भारतीय टेस्ट टीम का नया कप्तान बनाया जा सकता है जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उपकप्तानी मिल सकती है। वहीं तेज गेंदबाज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नया कप्तान बनाये जाने की संभावनाएं इसलिए नहीं हैं क्योंकि वह बार बार फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहते हैं और भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीसी ऐसे व्यक्ति को कप्तान बनाना चाहता है जो



लगातार खेल सके। इसके अलावा कप्तानी के लिए शुभमन इसलिए भी पहली पंसद माने जा रहे हैं क्योंकि वह युवा है और बीसीसीआई भविष्य को देखते हुए ही उन्हें ये जिम्मेदारी दे सकता है। वहीं ऋषभ विदेशी हालातों में भारतीय टीम के सबसे अच्छे टेस्ट बल्लेबाजों में से एक हैं और इसलिए उपकप्तानी का उनका दावा मजबूत है। इसका कारण ये है कि बुमराह इतने अनुभवी हैं कि उन्हें उप-कप्तान की भूमिका देना ठीक नहीं रहेगा। ऋषभ ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में शतकों के साथ 42 से अधिक के औसत से इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने इन देशों में सात बार 90 से 99 रन बनाये हैं। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास लेने की इच्छा जतायी है हालांकि कोहली ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है इसलिए कहा जा रहा है कि उन्हें इंग्लैंड में आगामी 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में खेलने के लिए कहा जाएगा क्योंकि कठिन हालातों में उनके जैसे अनुभव खिलाड़ी का होना लाभ दायक रहेगा। ये भी कहा जा रहा है कि कप्तान रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद बीसीसीआई ने इंग्लैंड सीरीज के लिए कोहली को कप्तान बनाने के बारे में सोचा था। जिससे शुभमन को कप्तानी की भूमिका में ढलने के लिए कुछ समय मिल जाता। बुमराह की फिटनेस समस्याओं के कारण शुभमन अगले कप्तान के तौर पर सभी की पहली पसंद हैं। वहीं केएल राहुल की अम्र 33 से अधिक हो गयी है, ऐसे में वह कप्तानी और उपकप्तानी की दौड़ में शामिल नहीं हैं।

## पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे खराब शॉट का चयनः सिद्धू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने ऋषभ पंत की फॉर्म में गिरावट के पीछे उनका खराब शॉट चयन, मानसिक दबाव और टीम की कमजोर स्थिति को जिम्मेदार ठहराया है। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल रहे ऋषभ पंत के खराब प्रदर्शन पर पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। इस सीजन में पंत अपनी बल्लेबाजी से कोई खास असर नहीं छोड़ पाए हैं। वह लगातार फ्लॉप हो रहे हैं और टीम भी उनकी कप्तानी में जूझती नजर आ रही है। अब तक खेले गए 11 मुकाबलों में लखनऊ सुपर



जायंट्स सिर्फ 5 मैच जीत सकी है और प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म होती जा रही हैं। ऐसे में एक और हार से टीम की पूरी उम्मीदें समाप्त हो सकती हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि ऋषभ पंत बार-बार गलत शॉट चयन के चलते आउट हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आप हर बार मुश्किलों से बाहर नहीं निकल सकते। पंत पर अपनी छवि को बनाए रखने का दबाव है जो उनके प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है। यह मानसिक दबाव उनके चेहरे और खेल में साफ नजर आता है। वह कप्तान के रूप में कई बार संयम खो देते हैं जिससे विपक्षी टीम को फायदा मिलता है। सिद्धू ने आगे कहा कि पंत को महेंद्र सिंह धोनी से सीख लेनी चाहिए जो अपने शांत और संतुलित स्वभाव के लिए जाने जाते हैं। सिद्धू ने सुझाव दिया कि पंत को अपनी सोच में बदलाव लाना चाहिए और क्रिकेट की मूलभूत बातों पर लौटना चाहिए। उन्होंने साफ कहा कि पंत को शॉट सिलेक्शन के मामले में बहुत सोच-समझकर फैसला लेना होगा।

## सीजफायर तोड़कर पाक ने अपना घटियापन दिखाया : शिखर धवन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सीजफायर तोड़ने पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। धवन ने इसी को लेकर सोशल मीडिया में लिखा, घटिया देश ने फिर अपना घटियापन पूरी दुनिया को दिखा दिया। इससे पहले भी धवन ने दोनो देशों के बीच तनाव पर लिखा था, हमारी सीमाओं की इतनी मजबूती से रक्षा करने और ड्रोन हमले को रोकने के लिए हमारे बहादुर जवानों को सम्मान। भारत



मजबूती से खड़ा है। जय हिंद। वहीं इससे पहले पूर्व क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग ने भी सोशल मीडिया में पाक पर तीखा प्रहार किया था। सहवाग ने लिखा था। कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। शनिवार शाम दोनों देशों के बीच औपचारिक रूप से संघर्ष विराम समझौते की घोषणा की थी। दोनों पक्षों के सैन्य संचालन महानिदेशकों ने तत्काल प्रभाव से गोलीबारी समाप्त करने पर सहमति जताई थी पर पाकिस्तान ने इस विराम को कुछ ही घंटों में तोड़ दिया। वहीं बाद में हालांकि उसे संघर्ष विराम का पालन करने पर विवश होना पड़ा।

## इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे विराट, टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने की कही बात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है। ऐसे में उनके इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा बनने की संभावना कम है। हालांकि, बीसीसीआई के एक उच्च अधिकारी ने कोहली से इस फैसले पर दोबारा सोचने को कहा है। अब देखना होगा कि चयन समिति जब इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान करेगी, तब कोहली के भविष्य को लेकर क्या फैसला होता है।

विराट से पहले रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। 7 मई को उन्होंने एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की और रेडबॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। हालांकि वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में मैच



खेलते रहेंगे, जो उनका मजबूत पक्ष रहा है। रोहित शर्मा की तरह विराट कोहली ने भी टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया था। ऐसे में रोहित और कोहली की जोड़ी क्रिकेट फैन्स को वनडे में खेलती

### कोहली का क्रिकेट कॅरियर

123 टेस्ट, 210 पारी, 9230 रन, 46.85 एवरेज, 30 शतक, 31 अर्धशतक
302 वनडे, 290 पारी, 14181 रन, 57.88 एवरेज, 51 शतक, 74 अर्धशतक, 5 विकेट
125 टी20, 117 पारी, 4188 रन, 48.69 एवरेज, 1 शतक, 38 अर्धशतक, 4 विकेट

### आईपीएल-2025 में प्रदर्शन

विराट कोहली फिलहाल आईपीएल-2025 में व्यस्त थे, जहां उनके बल्ले से रनों की जड़ी लगी थी। उन्होंने अब तक हुए 11 मैचों में 505 रन बनाए हैं। इस दौरान कोहली का एवरेज 63.12 और स्ट्राइक रेट 143.46 का रहा।

हुई दिखेगी। वहीं दोनों वर्तमान में आईपीएल क्रिकेट में खेलते हुए दिखे, जिसे फिलहाल भारत-पाकिस्तान के तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। भारत के चयनकर्ता कुछ दिनों में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए मिलने वाले हैं। यह जानकारी मिली है कि कोहली इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से अपने टेस्ट भविष्य पर विचार कर रहे थे, जब उन्होंने पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद खराब प्रदर्शन किया था। 36 साल के विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलते नजर आए थे। जहां भारत को 5 मैचों की सीरीज में 1-3 से हार मिली थी। कोहली ने सीरीज के पहले मैच में शतक जरूर लगाया था, लेकिन इसके बाद वह संघर्ष करते दिखे थे। कोहली ने तब उस सीरीज के 5 मुकाबलों की 9 पारियों में 23.75 के एवरेज से महज 190 रन बनाए थे। इसमें पर्थ में जड़ा गया 100 रनों का नॉट आउट शतक भी शामिल था।

कोहली का टेस्ट डेब्यू जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में हुआ था। कोहली ने तब पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 15 रन बनाए थे। वहीं कोहनी ने आखिरी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेला था, जो जनवरी 2025 में खेला गया था। इस आखिरी टेस्ट में कोहली ने पहली पारी में 17 तो दूसरी पारी में 6 रन बनाए थे।



पेनसिलवेनिया में गोल्फ चैम्पियनशिप में खेलते हुए सेप स्ट्रेका।



# मैं यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थी

एक्ट्रेस निकिता दत्ता इन दिनों ज्वेल थीफ में अपने काम के लिए तारीफ बटोर रही हैं। इस फिल्म में वह जयदीप अहलावत और सैफ अली खान के साथ नजर आ रही हैं। अपने करियर के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मैं एक आर्मी फैमिली से आती हूं। मेरे आसपास लगभग सभी ने किसी न किसी रूप में सेना में सेवा दी है। ऐसे अनुशासित माहौल में पली-बढ़ी होने के कारण, मैं भी एक ऐसा करियर चाहती थी जिसमें स्पष्टता और स्थिरता हो। एक समय ऐसा भी था जब मैं यूपीएससी की परीक्षा देकर सिविल सर्विस में जाना चाहती थी। लेकिन अब जब मैंने एक्टिंग को अपना पेशा चुना है, तो ये बदलाव मेरे लिए बहुत बड़ा लगता है। उन्होंने आगे कहा, हम ऐसे माहौल में बड़े हुए जहां बहुत सारे नियम, दिनचर्या और बंदिशें थीं। हर काम नियम के अनुसार होता था। क्रिएटिव फील्ड में करियर चुनना, जहां हर दिन कुछ नया होता है.. मेरे लिए उस जीवनशैली से बिलकुल अलग था। लेकिन मुझे लगता है कि उस अनुशासित परवरिश ने ही मुझे इस उथल-पुथल भरी इंडस्ट्री में फोकस्ड और मजबूत बनाए रखा है। भले ही फिल्म इंडस्ट्री चुनौतीपूर्ण हो, लेकिन बचपन का अनुशासन और ठहराव मुझे हार न मानने की ताकत देता है।

एक्ट्रेस के बारे में बात करें तो निकिता दत्ता ने 2014 में रोमांटिक ड्रामा लेकर हम दीवाना दिल से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। वह गोल्ड, कबीर सिंह, द बिग बुल और खाकी- द बिहार चैप्टर जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में, वह हीस्ट एक्शन थ्रिलर ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स में नजर आईं। कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल की निर्देशित इस फिल्म में सैफ अली खान, जयदीप अहलावत और कुणाल कपूर भी थे। ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स का प्रीमियर 25 अप्रैल, 2025 को नेटफिलक्स पर हुआ।



# भूल चूक माफ के ओटीटी रिलीज पर बोली वामिका




वामिका गब्बी और राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ 9 मई को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी। कई दिनों के प्रमोशन के बाद आज मुंबई और दिल्ली में फिल्म के प्रेस शोज भी आयोजित किए गए थे। इसी बीच मेकर्स ने एक चौंकाने वाली अनाउंसमेंट कर दी। उन्होंने बताया कि अब यह फिल्म 16 मई को रिलीज होगी और वो भी ओटीटी पर। अब अमर उजाला से एक्सक्लूसिव बातचीत में अभिनेत्री वामिका गब्बी ने मेकर्स के इस फैसले के पीछे की कहानी बयां की।

वामिका गब्बी ने कहा, इस समय भारत-पाकिस्तान के बीच के हालात नाजुक हैं। देश की स्थिति को देखते हुए थिएटर में फिल्म रिलीज करना संभव नहीं था। हम अपने देश के साथ खड़े हैं। यही हमारी प्राथमिकता है। हालांकि, हम इस बात से भी खुश हैं कि फिल्म आखिरकार ऑडियंस तक पहुंचेगी। मेरा मानना है कि ओटीटी पर रिलीज होगी तो यह और ज्यादा लोगों तक पहुंच सकेगी। वामिका ने आगे बताया, मैं मेकर्स के इस फैसले से बहुत खुश हूं। फिल्म का थिएटर में रिलीज होना हम सभी के लिए खास था, लेकिन हालात को देखते हुए हम खुश हैं कि फिल्म अब अपने ऑडियंस तक पहुंच सकेगी।

## बतौर ऑडियंस मुझे भी थिएटर में फिल्में देखना पसंद है

जब वामिका से पूछा गया कि उन्हें थिएटर में फिल्में देखना कितना पसंद है? तो वामिका ने कहा, थिएटर में फिल्म देखने का अनुभव हमेशा यादगार होता है। बतौर ऑडियंस, मुझे पर्सनली थिएटर में फिल्में देखना पसंद है लेकिन इस बार हमें देश की स्थिति को देखते हुए डिजिटल रिलीज का रास्ता अपनाना पड़ा।

## 9 मई को थिएटर में रिलीज होने वाली थी फिल्म

बता दें, भूल चूक माफ जो 9 मई को थिएटर में रिलीज होने वाली थी, अब 16 मई को ओटीटी पर रिलीज होगी। फिल्म का ओटीटी पर रिलीज होने का फैसला देश में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए लिया गया। मेकर्स ने एक बयान जारी करते हुए कहा, हाल के घटनाक्रमों और देशभर में बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण, हमने यह निर्णय लिया कि हम अपनी पारिवारिक फिल्म भूल चूक माफ को सीधे आपके घरों तक पहुंचाएंगे। यह केवल ओटीटी पर 16 मई को रिलीज होगी।

## भारत-पाकिस्तान तनाव का असर

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए खासकर जम्मू और कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद यह फैसला लिया गया है। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च किया।



# बोमन ईरानी के बाद तन्वी द ग्रेट फिल्म में जैकी श्रॉफ की एंट्री

**बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर शानदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब वह अपनी आगामी फिल्म तन्वी द ग्रेट में बतौर निर्देशक से चर्चा में हैं। इस फिल्म की एक-एक जानकारी का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब अनुपम खेर ने बोमन ईरानी के बाद फिल्म में एक और दिग्गज एक्टर की एंट्री का खुलासा किया है, जो ब्रिगेडियर की भूमिका में नजर आएंगे।**

तन्वी द ग्रेट फिल्म के निर्देशक अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर जानकारी दी है। इस पोस्ट में अभिनेता ने जिस एक्टर का खुलासा किया है वह कोई और नहीं, बल्कि सुपरस्टार जैकी श्रॉफ हैं, जो फिल्म में ब्रिगेडियर जोशी की भूमिका में नजर आएंगे। साझा किए गए पोस्टर में जैकी श्रॉफ आर्मी ऑफिसर की भूमिका में दिख रहे हैं।

अनुपम ने जैकी श्रॉफ के लिए लिखा खास संदेश

निर्देशक अनुपम खेर ने यह पोस्ट साझा करते हुए अभिनेता जैकी श्रॉफ के लिए एक खास संदेश लिखा है। उन्होंने कहा, 'जैकी श्रॉफ मेरे भाई हैं, हमने न केवल कई फिल्मों में एक साथ काम किया है, बल्कि हम रिश्तेदार भी हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि उनकी पत्नी आयशा श्रॉफ मुझे 30 साल से अधिक समय से राखी बांधती आ रही हैं। जैकी का दिल सोने का है, प्यार उनका दूसरा नाम हो सकता है। एक दिन वह मेरे घर आए, उस समय मेरी फिल्म की कास्टिंग बाकी थी, लेकिन कुछ गाने रिकॉर्ड किए थे। उन गानों को मैंने उन्हें सुनाया और सुनने के बाद उन्होंने मुझे गले लगा लिया और कहा कि मेरे बिना यह फिल्म मत बनाओ।'

## जैकी श्रॉफ मेरी ताकत हैं

आगे उन्होंने लिखा, 'ब्रिगेडियर जोशी का किरदार भारतीय सेना अधिकारी की तरह है। वह मजबूत, निर्णायक और विनम्र हैं। उनके किरदार को वर्षों तक याद रखा जाएगा। निस्वार्थ दोस्ती और शानदार अभिनय के लिए धन्यवाद श्रॉफ। आप मेरी ताकत का स्तंभ हैं। ऑन और ऑफ स्क्रीन दोनों। जय हिंद।'

## जल्द होगी रिलीज

अनुपम खेर द्वारा निर्देशित 'तन्वी द ग्रेट' में शुभांगी दत्त और बोमन ईरानी मुख्य भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम करीम ने संगीत दिया है। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

# वरुण धवन की हीरोइन बनेंगी मृणाल ठाकुर

हाल ही में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में एक्ट्रेस निर्देशक डेविड धवन के साथ दिख रही हैं, जो शूटिंग सेट से साझा की गई है। इस तस्वीर को मृणाल ठाकुर ने यूके से शेयर किया है, जिसमें वह निर्देशक डेविड धवन के साथ मुस्कुराती हुई बैठे नजर आ रही हैं। आपको बताते चलें कि रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेत्री इस समय है जवानी तो इश्क होना है फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन डेविड धवन कर रहे हैं। इस फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता के तौर पर एक्टर वरुण धवन हैं, जो शूटिंग में जोरो-शोरों से व्यस्त हैं। इसके अलावा रिपोर्ट्स के जरिए ये जानकारी भी सामने आ रही है कि फिल्म में मृणाल ठाकुर के साथ पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। इस फिल्म की कास्टिंग को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है।



# कोहली के लाइक से बढ़ी लोकप्रियता, इन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं अवनीत कौर

सोशल मीडिया पर एक छोटा सा 'लाइक्स' कितना बड़ा तूफान ला सकता है यह हाल ही में अवनीत कौर और विराट कोहली के मामले ने दिखा दिया है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अवनीत की एक इंस्टाग्राम पोस्ट को गलती से लाइक किया, जिसके बाद अभिनेत्री सुर्खियों में छा गईं। हालांकि, विराट ने इसे एल्गोरिदम की गलती बताकर सफाई दी, लेकिन इस वाकये ने 23 साल की अवनीत कौर की पॉपुलैरिटी को और बढ़ा दिया। अवनीत कौर ने 2010 में 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' से शुरुआत की, जहां उनकी प्रतिभा को खूब सराहा गया। इसके बाद उन्होंने 'मेरी मां', 'चंद्र नंदिनी', और 'अलादीन - नाम तो सुना होगा' जैसे टीवी सीरियल्स में काम किया। छोटे पर्दे पर उनकी लोकप्रियता ने उन्हें बड़े पर्दे का रास्ता दिखाया। अवनीत ने 2014 में रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने मीरा का किरदार निभाया, जो छोटा लेकिन प्रभावशाली था। इसके बाद 2017 में वह 'करीब करीब सिंगल' में एक छोटी सी भूमिका में दिखीं। 2019 में 'मर्दानी 2' में भी उनका कैमियो दर्शकों को पसंद आया।





# मेरे माता-पिता का अलग होना हम तीनों के लिए अच्छा

**इसमें कोई शक नहीं कि जानी-मानी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी मनोरंजन जगत में आने से पहले ही स्टार बन चुकी थी। सोशल मीडिया में हमेशा सुर्खियों में छाई रहने वाली पलक अपने लिंकअप्स के कारण भी ख़बरों में रहती हैं। सलमान खान के साथ किसी का भाई किसी की जान से फिल्मों में डेब्यू कर चुकीं पलक इन दिनों चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म द भूतनी से।**

**या आप मानती हैं कि आपको अपनी अभिनेत्री मां के कारण इतना बड़ा मौका मिला?**

मुझे लगता है, ये बहुत बड़ा कन्वर्जेशन है। हर किसी को अलग-अलग एडवांटेज मिलते हैं। अब जैसे मैं टेलिविजन में जाती तो मुझे बहुत फायदा मिलता, क्योंकि मेरी मम्मी ने छोटे पर्दे पर एक बहुत बड़ा मुकाम बनाया है। पर अपनी पहली फिल्म का मौका मुझे बिग बॉस के कारण मिला। मैं वहां हार्डी संधू के साथ अपना बिजली गाना प्रमोट करने गई थी। हां, मम्मी के कारण मुझे विजिब्लिटी बहुत मिली, मैं मानती हूं कि श्वेता तिवारी की बेटी होने के नाते मुझे बहुत शोहरत मिली। मगर फिल्म में मेरा रोल छोटा था, अगर फायदा होना होता तो फिर रोल में भी होना चाहिए था। मैं नहीं मानती कि मम्मी के स्टारडम के कारण काम के तरीके में मुझे कोई मदद मिली हो।

**आप इंडस्ट्री में आने से पहले ही स्टार बन चुकी थीं?**

जी, ये सही है और ये मेरी मम्मी के कारण हुआ। मेरी मम्मी को बहुत प्यार मिला है आज तक। बिजली गाने में अपने डेब्यू से पहले मुझे भी बहुत प्यार मिलता था। पर यह प्यार कभी -कभी प्रेशर में भी बदल जाता है, क्योंकि मेरी मम्मी के फैंस उनको लेकर इतने पजेसिव हैं। मैं तो बस यही चाहती हूं कि वो मुझे अपनाएं और मेरी कोशिश यही रहेगी कि मैं उन्हें निराश न करूं। प्रेरणा की बेटी का जो दर्जा मिला है, मैं उनकी नाक हमेशा ऊंची रखूं।

**अक्सर सोशल मीडिया पर अगल-बगल में आपकी और आपकी मम्मी की तस्वीर लगा कर आप दोनों के बीच तुलना भी की जाती है, अजीब लगता होगा?**

चूंकि मेरी मम्मी बहुत फेमस हैं, तो लोग ये भूल जाते हैं कि वे मेरी मां हैं। अब तो हम इस बात पर हंसना सीख गए हैं, मगर पहले हमें भी ये बात अजीब लगती थी। मम्मी भी इस बात को समझ नहीं पातीं, मैं समझने की कोशिश करती हूं। मुझे लगता है, हम दोनों पब्लिक निगाह में हैं और लोग हमें जानते हैं। हमने ही उन्हें वो सहमति दी है कि वे हमें जानें। इसके अलावा भी कई बार बहुत सारी चीजें आ जाती हैं, जैसे कभी कहा जाता है, हमें तुमसे ज्यादा तुम्हारी मां पसंद हैं, तो उन्हें क्यों लगता है कि ये सुनकर मुझे बुरा लगेगा? लोगों को लगता है कि मेरी मां और मैं अभिनेत्रियां हैं, तो इसके कारण हम दोनों में कॉम्पिटीशन होगा, तो ये बात तो मुझे बहुत फनी लगती है। अपनी मां से मैं क्यों कॉम्पिटीशन करूंगी भाई।

**आपके माता-पिता (एक्टर राजा चौधरी) के अलगाव और जटिल संबंधों का आप पर कितन प्रभाव पड़ा? कभी लगता है कि पलट कर कुछ बदला जा सकता था?**

सच बताऊं, तो जो होता है, अच्छे के लिए ही होता है, क्योंकि मेरे मम्मी और पापा अलग नहीं हुए होते तो मैं वो इंसान न होती, जो आज मैं हूं। मेरी मम्मी भी वो इंसान न होतीं, जो वो आज हैं। उनको ग्रो करने का मौका नहीं मिलता। मेरी मम्मी के डिवोर्स से कितनों को उम्मीद मिली है कि हां, हम भी छोड़ सकते हैं अपने पति को। मेरे मम्मी और पापा साथ नहीं हैं, तो इसका मतलब ये नहीं है कि मेरे पापा ने अच्छे पापा बनने की कोशिश नहीं की। वो शायद उस समय जितना कर सकते थे, उन्होंने किया। मगर वो सही नहीं था हम तीनों के लिए, पर आज हम तीनों खुश हैं। अब कोई भी चीज मुझे उतना दुख नहीं देती, क्योंकि मुझे लगता है कि मैं किसी भी हालात से निकल सकती हूं। ये मैंने सीखा अपनी मम्मी से, क्योंकि मैं जानती हूं कि मेरी मम्मी मेरे पापा से कितना प्यार करती हैं और कितना मुश्किल था ये उनके लिए। मगर एक औरत होने के नाते दूसरी औरत, जो कि मेरी मां है, के लिए बहुत कठिन था, मगर उन्होंने किया और मैंने उससे बहुत कुछ सीखा।

**आपकी नई फिल्म भूतनी में आपके साथ मौनी रॉय जैसी लोकप्रिय अभिनेत्री भी हैं, तो उनकी मौजूदगी को लेकर कभी कोई असुरक्षा थी?**

मेरे दिल में उनके लिए बहुत इज्जत है, क्योंकि वे बहुत ही ज्यादा अच्छी अभिनेत्री हैं और उस पर उन्होंने जो भूमिकाएं की हैं, वो बहुत कमाल का है। हमारी फिल्म में वे मोहब्बत नाम का चरित्र निभा रही हैं जबकि इससे पहले उनका किरदार जुनून भी काफी फेमस हुआ था। टीवी पर उन जैसी नागिन तो हुई ही नहीं। असल में उनका स्क्रीन प्रेजेंस इतना स्ट्रॉन्ग है कि पूछो मत। चूंकि वे टीवी के बैकग्राउंड से आती हैं, तो मैं उनका बहुत सम्मान करती हूं, क्योंकि वो छोटे पर्दे के कलाकार ही होते हैं, जो किसी भी हालात में अपना बेस्ट दे जाते हैं। उनका बेस बहुत मजबूत होता है। उनसे किसी तरह के कॉम्पिटीशन और असुरक्षा की तो बात ही नहीं, क्योंकि उनका दर्जा चाहे वो अनुभव हो या कला, मुझसे काफी ऊंचा है। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा।

# पत्रकारों व क्लब का विकास ही नई कमेटी की प्राथमिकताः आलोक द्विवेदी











**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में रविवार को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को जीत का सर्टिफिकेट भी दिया गया। हाल ही में हुए नोएडा मीडिया क्लब के चुनाव में 7 पदों में सभी सदस्य निर्विरोध चुने गए हैं, जिसमें आलोक द्विवेदी को अध्यक्ष, अमित चौधरी को उपाध्यक्ष, जय प्रकाश सिंह को महासचिव, जगदीश शर्मा को सचिव, मनोज वत्स कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्य के पद पर प्रमोद शर्मा और सुश्री आँचल यादव को निर्विरोध चुना गया हैं।

रविवार को मीडिया क्लब में हुए कार्यक्रम में क्लब के सभी सम्मानित पत्रकार साथियों की उपस्थिति में संस्थापक सदस्य और संचालन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार संजीव यादव की अध्यक्षता में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को सर्टिफिकेट दिया गया।

इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने कहा कि सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका साथ ही क्लब की प्राथमिकता होगी। कुछ समय से मीडिया क्लब की छवि थोड़ी सी खराब हुई थी जिसे नयी कार्यकारिणी सभी सदस्यों के साथ मिलकर क्लब की खराब हुई छवि को फिर से सुधारने का काम करेगी। साथ ही आलोक द्विवेदी ने कहा कि एक साल के भीतर नयी कार्यकारिणी द्वारा क्लब के सदस्यों की मूलभूत सुविधाओं जैसे चिकित्सा सुविधा, निजी स्कूलों

नोएडा मीडिया क्लब में हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, मनोज त्यागी, डॉ. अनिल निगम, अनिल चौधरी, सुरेश चौधरी, मुखराम सिंह, एसएस अवस्थी, त्रिलोक शर्मा, धर्मेन्द्र चंदेल, देवेन्द्र प्रभात, वीरेन्द्र मलिक समेत सैकड़ों पत्रकार मौजूद थे। वहीं ग्रेटर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आदेश भाटी, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन के अध्यक्ष विपिन मल्हन, प्रदीप मेहता, नोएडा लोकमंच के अध्यक्ष महेश सक्सेना, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, किसान नेता बीसी प्रधान, ओम प्रकाश चौधरी, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता लियाकत चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, यतेंद्र शर्मा, पवन शर्मा, विक्रम चौधरी, सपा के वरिष्ठ नेता, देवेन्द्र अवाना, चरणजीत सिंह राजपूत, बबलू चौहान, जयकरण चौधरी आदि मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी और नोएडा मीडिया क्लब के आगे बढ़ाने की कामना की।

## सैनिकों के सम्मान में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा महानगर में सैनिकों के सम्मान में किसान मोर्चा द्वारा भव्य ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा ओमवीर अवाना ने किया। यात्रा की शुरुआत नोएडा महानगर जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने हरी झंडी दिखाकर की। वह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी रहे।

देशभक्ति के नारों से गूंजते इस आयोजन में सैकड़ों की संख्या में किसानों मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और तिरंगा लहराते हुए सैनिकों के सम्मान में एकजुटता दिखाई। यह यात्रा हमारे वीर जवानों के बलिदान और सेवा को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सैनिकों के प्रति आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। यात्रा में अमित त्यागी, रवि यादव,



मुक्तानंद शर्मा, घनश्याम यादव, पप्पू प्रधान, रामनिवास यादव, संदीप उपाध्याय, इंद्राज खटाना, उमेश भाटी, मांगेराम शर्मा, सुभाष चौहान, चौधरी मांगेराम, संजीव पटेल, देवेंद्र राजपूत, भूपेश चौधरी मनोज चौहान आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं मां भारती के वीर सपूतों के सम्मान में समारोह

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्राचीन शिव शनि मंदिर सेक्टर-



18 नोएडा में शांभवी महामुद्रा ट्रस्ट, पोरवाल समाज सेवा समिति, अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल एवं केला मेला गिग्गी देवी ट्रस्ट ने मां भारती के सम्मान में भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके प्रधानमंत्री के मिशन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को सम्मान देते हुए माताओं एवं बहनों को सिंदूर बांट कर एवं बिंदी का पत्ता देकर भारत के वीर सपूतों को नमन किया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर शांभवी महामुद्रा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर चंद पोरवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल के अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग, महासचिव श्रीमती कनक लता पोरवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति पोरवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट, एवं रोहतास गोयल, मनोज गुप्ता, डॉ शैलेंद्र पोरवाल ,नवीन पोरवाल, चित्रांश पोरवाल,अतुल गुप्ता, मयंक पोरवाल, यस पोरवाल, पूनम गुप्ता एडवोकेट, रूबी पोरवाल, कीर्ति गर्ग मौजूद थीं। इस अवसर पर कनक लता पोरवाल, रूबी पोरवाल, पूनम गुप्ता एडवोकेट व कीर्ति गर्ग, ज्योति पोरवाल,ने माताओं बहिनों को सिंदूर लगाया एवं सिंदूर व बिंदी के पत्ते बांटे कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वल्पाहार भी दिया गया।

## वाटरपार्क में 11 से 16 मई तक 50 फीसदी छूट

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के सेक्टर-38 ए स्थित वर्ल्डस ऑफ वंडर वाटर पार्क में मातृ दिवस बड़े धूम धाम से मनाया

**मदर्स-डे पर आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं**

गया।

महिलाओं के लिए विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लेमन रेस, मेक अप प्रतियोगिता व अन्य गेम्स कराए गए, कॉन्सर्ट लॉन को एक मेले का रूप दिया गया जिसमें खेलों के अलावा, मैजिक शो, मणिपुर से आए कलाकारों ने आश्चर्यजनक करतब दिखाकर दर्शकों का मन मुग्ध कर दिया, पंजाबी कलाकारों ने बहुत ही सुंदर भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत किया।

अंत में विजेताओं को जिसमें प्रथम विजेता को आई फोन, द्वितीय विजेता को माइक्रोवेव




ओवन और तृतीय विजेता को जूसर मिक्सर ग्राइंडर उपहार स्वरूप दिए गए इसके अतिरिक्त अन्य प्रतियोगियों को भी पुरस्कृत किया गया, मातृ दिवस की उपलक्ष्य में 11 मई से 16 मई तक वाटर पार्क टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

